तापमान
अधिकतम 37.8 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 7 मार्च 2026

# 4 दिन में 58 करोड़ 10 लाख से अधिक की शराब गटकी, पिछले साल का रिकार्ड टूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

होली त्योहार के दौरान रायपुर जिले में इस बार शराब की बंपर बिक्री हुई है, जिससे पिछले वर्ष का रिकार्ड भी टूट गया। होली में पिछले वर्ष चार दिन में 57 करोड़ 19 लाख रुपए से अधिक की शराब का कारोबार हुआ था, वहीं चालू वर्ष में होली के 4 दिनों में 58 करोड़ 10 लाख से अधिक का कारोबार हुआ है। इस तरह पिछले वर्ष की तुलना में इस बार करीब एक करोड़ रुपए की शराब की अधिक बिक्री हुई है, जिससे शासन को भी राजस्व के रूप में जमकर मुनाफा हुआ है। होली त्योहार के लिए जिले की शराब दुकानों में होलिका दहन के एक दिन पहले 1 मार्च से ही पियक्कड़ों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। इस दिन जिले में 12 करोड़ 11 लाख 28 हजार 110 रुपए की शराब की बिक्री हुई थी, वहीं 2 मार्च को 15 करोड़ 94 लाख 4 हजार 40 रुपए की बिक्री हुई है। होलिका दहन के दूसरे दिन 3 मार्च को सबसे अधिक 21 करोड़ 73 लाख 18 हजार 920 रुपए की शराब की बिक्री हुई। इसी प्रकार 4 मार्च को रंग उत्सव के दिन शराब की सभी दुकानें बंद रहीं, जिससे इस दिन शराब की बिक्री नहीं हुई, लेकिन इसके दूसरे दिन 5 मार्च को 8 करोड़ 31 लाख 82 हजार 130 रुपए की शराब ⏭ शेष पेज 15 पर

## होलिका दहन के दूसरे दिन 21 करोड़ 73 लाख की बिक्री

अलग खबर

### पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा बिक्री

जिलेभर में इस बार की होली में 58 करोड़ रुपए से अधिक की शराब बिकी है, जो पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा है। इससे 91 लाख रुपए की आय भी ज्यादा हुई।

- राजेश शर्मा, उपायुक्त आबकारी विभाग रायपुर



### लगातार शराब बिक्री बढ़ने से सरकारी खजाना भर रहा

होली में जिस तरह से शराब की जमकर बिक्री हुई है, उससे पता चलता है कि जिले में शराब पीने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। वर्तमान में जिलेभर में 78 शराब की देशी-विदेशी और प्रीमियम दुकानें संचालित हैं। इन दुकानों में त्योहार के दौरान हर बार बिक्री बढ़ती है, जिससे शासन को राजस्व भी अधिक मिलता है। इससे सरकारी खजाना भी भर रहा है।

# बोर्ड परीक्षा के मध्य बदला गया केंद्राध्यक्ष

- मामला सुंदर नगर स्थित पं.सुन्दरलाल शर्मा विद्यालय का
- जिला शिक्षा कार्यालय ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दसवीं-बारहवीं की परीक्षा के मध्य केंद्राध्यक्ष में बदलाव करते हुए जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा आदेश जारी किया गया है। मामला सुंदर नगर स्थित पं.सुन्दरलाल शर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का है। यहां केंद्राध्यक्ष के रूप में नियुक्त शहजादे एजाज को हटाकर अल्का त्रिवेदी को नया केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे शासकीय उच्चतर माध्मिक विद्यालय डंगनिया की प्राचार्य हैं। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। अर्थात माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं के अगले पर्च से ही नवीन केंद्राध्यक्ष के देखरेख में परीक्षाएं होंगी। उन्हें अगली परीक्षा से पहले केंद्र में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

### निरीक्षण दल को मिली थी गड़बड़ी

जारी किए गए आदेश के अनुसार, परीक्षा के दौरान निरीक्षण में पाई गई अनियमितताओं और निरीक्षण दल की रिपोर्ट के आधार पर उन्हें हटाया गया है। गौरतलब है, माध्यमिक शिक्षा मंडल सहित जिला शिक्षा कार्यालय और जिला प्रशासन स्तर पर भी उड़नदस्ते की टीम गठित की गई है। ⏭ शेष पेज 15 पर

## पुलिस कमिश्नर ने किया नए कार्यालय का उद्घाटन



**रायपुर।** पुलिस कमिश्नर का नया कार्यालय गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित गृहमंत्री के पुराने बंगले सी-3 को बनाया गया है। नए कार्यालय का पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के हाथों शुभारंभ हुआ। पुलिस कमिश्नर कार्यालय के समस्त कार्यों का संपादन अब सिविल लाइन सी-3 स्थित नए कमिश्नरेट कार्यालय से किया जाएगा। उद्घाटन के दौरान एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस अमित कामले, डीसीपी नार्थ मयंक गुर्जर, डीसीपी सेंट्रल उमेश गुप्ता, डीसीपी वेस्ट संदीप पटेल, डीसीपी क्राइम स्मृतिक राजनाला, डीसीपी ट्रैफिक विकास कुमार एवं अन्य राजपत्रित अधिकारी तथा कार्यालयीन स्टाफ भी उपस्थित रहे।

# आंबेडकर में इमरजेंसी, तीन दिन में 241 केस, 80 फीसदी की वजह रही शराबखोरी

- पच्चीस फीसदी मामले रोड एक्सीडेंट के, लड़ने-भिड़ने के 181 केस
- सामान्य दिनों की तुलना में दोगुने केस, इलाज के लिए रही गहमागहमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

होली के दौरान आंबेडकर अस्पताल में ओपीडी व्यवस्था सामान्य रही, मगर इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकीय स्टाफ को गहमागहमी के बीच आने वाले मरीजों का इलाज करना पड़ा। त्योहार के दौरान यहां तीन दिन में मेडिको लीगल केस (एमएलसी) के 241 मामले पहुंचे। इनमें रोड एक्सीडेंट के अलावा आपसी विवाद में मारपीट जैसे मामले शामिल थे। इनमें 80 फीसदी घटनाओं की वजह शराबखोरी रही।

वैसे तो होली के दिन यानी 4 मार्च को आंबेडकर अस्पताल में इमरजेंसी विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया था, ⏭ शेष पेज 15 पर



### उपलब्ध कराई गई थी आपात सेवा

त्योहार के अवकाश के दौरान मरीजों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए आपात सेवा उपलब्ध कराई गई थी। इमरजेंसी में पर्याप्त चिकित्सकीय स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई थी ताकी लोगों को किसी तरह की समस्या ना हो।

- **डा. संतोष सोनकर,** चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

### *अलर्ट पर रही 108 एंबुलेंस सेवा*

*होली के दौरान आपात स्थिति में मरीजों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने के लिए तैनात 108 एंबुलेंस सेवा भी अलर्ट मोड पर रही। पिछले तीन दिन में अस्पताल पहुंचने वाले इन 241 लोगों में पचास फीसदी लोगों ने शासकीय सेवा की मदद ली। इसके अलावा संजीवनी सेवा के तहत करीब पचास मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज तक रेफर किया गया है।*

### *छुट्टी के बाद ओपीडी में भीड़*

*वैसे तो त्योहार के दूसरे दिन ही अस्पताल में ओपीडी की व्यवस्था बहाल हो गई थी। मगर ओपीडी में भीड़ सामान्यतः शुक्रवार को नजर आई। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार को ओपीडी में करीब 12 सौ मरीज अपनी जांच और इलाज के लिए पहुंचे। दावा किया जा रहा है कि सोमवार से उपचार व्यवस्था पूरी तरह सामान्य हो जाएगी। ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या त्योहार के दो दिन पहले से कम हो गई थी।*

# होली में पुलिस कमिश्नरेट से लेकर ग्रामीण थाना क्षेत्र में चार की हत्या

- हत्या की कोशिश के चार मामले भी हुए दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

होली में हुड़दंग रोकने राजधानी के साथ ग्रामीण थाना क्षेत्र की पुलिस ने अपने-अपने स्तर पर पूरी तैयारी की थी, बावजूद इसके शहरी के साथ ग्रामीण थाना क्षेत्र में हत्या की चार घटनाएं हुई हैं। ग्रामीण क्षेत्र के अलग-अलग थानों में हत्या की कोशिश की चार घटनाएं हुई हैं। इसके अलावा शहरी के साथ ग्रामीण थाना क्षेत्र में होली जलने से होली खेलने के बाद तीन दिन के भीतर रंग खेलने तथा शराब के नशे में मारपीट, चाकूबाजी की पांच दर्जन से ज्यादा घटनाएं हुई हैं। हत्या तथा हत्या की कोशिश की जितनी घटनाएं हुई हैं, उन सभी मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई है। पुलिस ⏭ शेष पेज 15 पर



### बकाया पैसा नहीं देने पर हत्या

होली के दूसरे दिन गंज थाना क्षेत्र में चूना भट्ठी निवासी बिट्टू यादव की हत्या के आरोप में पुलिस ने उसके दोस्त राजा साहू को गिरफ्तार किया है। राजा को पुलिस ने घटना स्थल पर मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर गिरफ्तार किया है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक बिट्टू ने राजा से अपनी गाड़ी की टूट फूट की मरम्मत करायी थी, जिसकी बकाया राशि बिट्टू नहीं दे रहा था। इससे नाराज होकर राजा ने बिट्टू ⏭ शेष पेज 15 पर

### रंग लगाने के विवाद पर हत्या

आरंग में बलवा तथा हत्या के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित सात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। नीरज लोधी अपने एक मित्र के साथ अपनी बाइक से चाय पीने के लिए जा रहा था। इस दौरान मनीष कुमार निषाद उर्फ संजू, योगेन्द्र निषाद उर्फ बीरू उर्फ बाऊ, गौतम कुमार साहू, भोजराम निषाद, राहुल साहू, नेमीचंद ⏭ शेष पेज 15 पर

**नाचने के विवाद पर हत्याः** खरोरा थाना क्षेत्र में होली के दिन डीजे में नाचने के विवाद पर हत्या तथा दो अन्य की हत्या की कोशिश करने के आरोप में पुलिस ने एक महिला तथा दो किशोर को गिरफ्तार किया है। डांस करने के विवाद पर मोहित धीवर की हत्या के आरोप में पुलिस ने हीरा बाई पटेल, उसके नाबालिग बेटा तथा एक अन्य नाबालिग को पुलिस ने ⏭ शेष पेज 15 पर




जय श्री बालाजी
SALE
SALE
श्री बालाजी गारमेंट सेल
महास्टॉक क्लीयरेंस सेल
रायपुर की गर्ल्स रेडी हो जाइए ब्रांडेड गारमेंट्स खरीदने के लिए
दिल्ली का फेमस सरोजनी बाजार अब खुलने वाला है गुरु तेग बहादुर भवन, रायपुर में
3000/- से 4000/- वाले ब्रांडेड गारमेंट्स
टॉप, कुर्ती, जींस, गाउन, प्लाजो
आपको मिलने वाले हैं
मात्र ₹99 में
हैवी पार्टीवियर टॉप का नया स्टॉक आया है
10000/- से 15000/- वाले
जरी टॉप, कॉटन टॉप, नेट टॉप, स्टोन टॉप, लॉन्ग गाउन
आपको मिलने वाली हैं:-
मात्र ₹249 और ₹499 में
फॉर्मल पैंट
(499/- वाली)
₹1000 में
4 पीस
फॉर्मल जींस
(499/- वाली)
₹1000 में
4 पीस
शर्ट
(249/- वाली)
₹500 में
3 पीस
स्पोर्ट टी-शर्ट
(199/- वाली)
मात्र ₹99 में
ब्रांडेड व्हाइट कॉटन शर्ट
NEW ARRIVAL
(L से XL साइज)
1500 से 2000/-
₹149
साड़ियां ही साड़ियां
कॉटन सिल्क की साड़ियां
(1500/- से 3000/- वाली कोई भी काउंटर से उठाईये)
मात्र ₹149 में
VIP COUNTER
ब्रांडेड गारमेंट्स, कैपरी, शर्ट लोवर, ब्रांडेड शर्ट, जींस
(स्टार्टिंग प्राइस)
मात्र ₹99 में
जल्दी करें.. सेल केवल सीमित दिनों के लिए
FREE PARKING
गुरुतेग बहादुर हॉल
FREE ENTRY
गढ़ कलेवा के पास, राजभवन गेट नं.-3 के सामने, घडी चौक, रायपुर

## खबर संक्षेप

### होली पर डंडा नृत्य की धूम



तरपोंगी। समीपस्थ ग्राम सगुनी में होली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।रंग एवं उमंग के अवसर पर ग्रामीणों ने पारम्परिक लोक नृत्य डंडा का प्रदर्शन किया।जिसमें खेती एवं जीवन के रंगों को लोक गीतों में पिरोया गया।

### अंचल में होली पर्व हर्षोल्लास से मनाया



तरपोंगी। तरपोंगी अंचल में रंगो का त्यौहार होली शांति पूर्ण उल्लास के साथ मनाया गया। लोग एक दूसरे को रंग गुलाल से रंगते रहे। गांवो में किसी प्रकार के अप्रिय घटना के समाचार नही मिले है। सुबह से लेकर शाम तक बच्चे बुढ़े जवान नगाड़ो के थाप पर जमकर झूमे नाचे।महिलाओ ने भी जमकर होली खेली।

### कमिश्नरेट सिस्टम क्षेत्र में फेल, की आलोचना

कूंरा। धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में हाल के दिनों में कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएँ सामने आ रही हैं। होली जैसे पावन त्योहार के दिन धरसींवा क्षेत्र में दो हत्याओं की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना न केवल आम नागरिकों में भय का माहौल पैदा करती है, बल्कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। रायपुर जिले में लागू कमिश्नरेट सिस्टम से यह अपेक्षा की जाती थी कि अपराधों पर नियंत्रण होगा और जनता को बेहतर सुरक्षा मिलेगी, लेकिन वर्तमान परिस्थितियाँ इसके विपरीत दिखाई दे रही हैं। भावेश बघेल और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष वर्मा ने आयुक्त प्रणाली की निंदा की है और सुरक्षा व्यवस्था के लिए कठोर उपाय करने की मांग की है।

### मानस और रामधुनी का आयोजन 8 तक

अभनपुर। बाल समाज श्रीराम मानस परिवार के नेतृत्व मे ग्राम कठिया नं.2 मे त्रि दिवसीय अखंड रामायण समारोह का आयोजन 6 से 8 मार्च तक आयोजन रखा गया है। इसी प्रकार ग्राम खंडवा मे होली एवं चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर त्रि दिवसीय रामधुनी मानसगान, सुवा नृत्य एवं लोक उत्सव का आयोजन 6 से 8 मार्च तक रखा गया है। उत्सव मे प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रो के मानस व फाग परिवार की प्रस्तुति होगी। वही श्रीराम जानकी नव जागरण समिति के तत्वाधान मे ग्राम बेलर मे त्रि दिवसीय सस्वर मानसगान सम्मेलन व तिहार का आयोजन 6 से 8 मार्च तक होगा।

# रमजान के तीसरे जुमे पर उमड़े नमाजी, देश की तरक्की की मांगी दुआ

## घरों में महिलाओं ने भी इबादत की और अमन-चैन की दुआ मांगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा शहर में शुक्रवार को माह-ए-रमजान की तीसरे जुमा की नमाज अकीदत के साथ अदा की गयी. काफी संख्या में मुस्लिम धर्मावंलंबी मस्जिदों में पहुंचकर नमाज अदा की.,माह-ए-रमजान के तीसरे जुमा पर शहर की दोनों मस्जिदों में नमाज के लिए बड़ी संख्या में रोजेदार पहुंचे। लोगों ने 16 वां रोजा रखकर अल्लाह की इबादत की मस्जिद के इमाम अनिश रजा के अगुवाई में तीसरे जुमे की नमाज अदा करवाई गई। नमाज अदा करने के बाद देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआ की गई। साथ ही रहमत, बरकत और मगफिरत की दुआएं मांगी गई।

मस्जिदों में हुए बयान में रोजा, नमाज, जकात, एतिकाफ और शबे कद्र की अहमियत बताई गई। घरों में महिलाओं ने भी इबादत की, जबकि शाम को परिवार के साथ इफ्तार किया गया। वहीं शहर के बाजारों में ईद की खरीदारी भी तेज हो गई है।इस मौके पर मस्जिदों में तरावीह की नमाज के दौरान कुरआन-ए-पाक मुकम्मल कराया गया।

मस्जिद रेती चौक के इमाम अनिश रजा ने कहा कि रमजान का महीना



अल्लाह की रहमतों का महीना है। इस महीने में इंसान को अपने नफ्स पर काबू रखने और बुराइयों से बचने की सीख मिलती है। जब इंसान हलाल चीजों से भी खुद को रोक सकता है, तो उसे गलत कामों से भी बचना चाहिए। रमजान का महीना इंसान को अपने आचरण को बेहतर बनाने का मौका देता है। उन्होंने कहा जो व्यक्ति ईमान और सवाब की नियत से रमजान की रातों में इबादत करता है, उसकी पिछली गलतियां माफ कर दी जाती हैं। उन्होंने बताया कि शबे कद्र की रातों में नमाज, कुरआन की तिलावत और अल्लाह का जिक्र करने का विशेष महत्व है। रमजान महीने की पांच पाक रातों (21वीं 23वीं, 25वीं, 27वीं और 29 वीं) में कुरान पाक नाजिल हुआ था।

## मटिया में होली पर्व के दिन लोमहर्षक वारदात, दोनों भाइयों को जेल भेजा गया

# बच्चे को अस्पताल लाने पर भड़के भाइयों ने सगे भाई को पीट-पीटकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धरसींवा/कूंरा

ब्लाक मुख्यालय धरसींवा से 12 किलो मीटर दूर ही इलाके के ग्राम मटिया में होली पर्व के दिन ही रिश्तों के कहुत ही खौफनाक और विचलित कर देने वाला चेहरा सामने आया है। जहाँ एक भाई की मदद करने की कोशिश ही उसकी मौत का सबब बन गई। महज एक मामूली बात से शुरू हुआ विवाद इस कदर हिंसक हुआ कि दो सगे भाइयों ने मिलकर अपने ही भाई को डंडों और मुक्कों से पीट-पीटकर मौत की नींद सुला दिया। पुलिस ने इस दिल दहला देने वाली वारदात के दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की शुरुआत बुधवार सुबह उस वक्त हुई जब कमलेश विश्वकर्मा के बच्चे की तबीयत अचानक बिगड़ गई। चाचा होने के नाते दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने मानवता दिखाते हुए बीमार बच्चे को तुरंत अस्पताल पहुँचाया। लेकिन, जब दिनेश अस्पताल से वापस घर लौटा, तो उसे सराहना मिलने के बजाय भाइयों के गुस्से का सामना करना पड़ा। आरोपी कमलेश और अखिलेश इस बात को लेकर आगबबूला हो गए कि दिनेश उनके बच्चे को उनकी मर्जी के बिना अस्पताल क्यों ले गया जो खूनी संघर्ष का रूप ले लिया।

■ पिता की आँखों के सामने ही उनके दो बेटों ने तीसरे बेटे की जान ले ली



### आरोपी जेल दाखिल

विधानसभा थाना प्रभारी शिवेंद्र राजपूत ने बताया कि ग्राम मटिया में घरेलू विवाद के दौरान दो सगे भाइयों ने मिलकर अपने ही भाई की डंडे और मुक्कों से पीट-पीटकर हत्या कर दी है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों मुख्य आरोपियों, कमलेश और अखिलेश विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया है और वारदात में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया गया है। आरोपियों के विरुद्ध **BNS** की धारा 103(1) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल दिया है।

### चीख-पुकार के बीच हुई वारदात

प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, देखते ही देखते बहस हाथापाई में बदल गई। आवेश में आकर कमलेश और अखिलेश ने दिनेश को घेर लिया और उस पर लात-घूंसों की बरसात कर दी। इतने से भी जब मन नहीं भरा, तो उन्होंने पास पड़े लकड़ी के डंडे से दिनेश के सिर और शरीर पर ताबड़तोड़ वार किए। हमले के दौरान दिनेश जान बचाने के लिए गुहार लगाता रहा, लेकिन खून सवार भाइयों का दिल नहीं पसीजा। चोटें इतनी गंभीर थीं कि दिनेश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### पिता ने दी बेटों के खिलाफ गवाही

इस दुखद घटना का सबसे कारुणिक पहलू यह रहा कि मृतक और आरोपियों के पिता लोकनाथ विश्वकर्मा को खुद अपने बेटों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करानी पड़ी। पिता की आँखों के सामने ही उनके दो बेटों ने तीसरे बेटे की जान ले ली। लोकनाथ की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए धारा 103(1) और 3(5) बीएनएस के तहत हत्या का मामला दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर विधानसभा थाना प्रभारी ने टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की। टीम ने गांव में दबिश देकर आरोपी कमलेश विश्वकर्मा (27) और अखिलेश विश्वकर्मा (32) को हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल किया गया डंडा भी बरामद कर लिया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस घटना के बाद से पूरे ग्राम मटिया में मातम और सन्नाटा पसरा हुआ है।

# आईडीबीआई बैंक में एफडी के नाम पर 40 लाख की हेराफेरा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धरसींवा

अगर आप भी अपने बैंक कर्मचारी पर आंख मूंदकर भरोसा करते हैं, तो रायपुर के धरसींवा इलाके के नरेंद्र कुमार वर्मा के साथ हुई घटना आपके लिए एक बड़ी चेतावनी है। आई डी बी आई बैंक की चरौदा शाखा में फिक्स डिपॉजिट (एफ़ डी) कराने गए एक मध्यमवर्गीय परिवार की मेहनत की कमाई के 40 लाख रुपये बैंक के ही एक कर्मचारी ने डकार लिए। पुलिस ने मुख्य आरोपी राजा खुंटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, लेकिन इस हाई-प्रोफाइल मामले ने बैंक की सुरक्षा प्रणाली और आंतरिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**विश्वास की आड़ में रची गई साजिश**–मामला तब शुरू हुआ जब प्रार्थी नरेंद्र कुमार वर्मा और उनकी पत्नी मनीषा वर्मा ने अपने खातों में जमा 20-20 लाख रुपये (कुल 40 लाख) को सुरक्षित निवेश के लिए फिक्स डिपॉजिट कराने का फैसला किया। बैंक पहुंचने पर उनकी मुलाकात वहां के अस्थायी कर्मचारी राजा खुंटे से हुई। पुराना परिचय होने के कारण नरेंद्र ने उस पर भरोसा किया। आरोपी ने बड़ी ही चालाकी से बैंक की कागजी प्रक्रिया का हवाला देते हुए आधार कार्ड, पैन कार्ड की फोटोकॉपी और दो ब्लैंक चेक (हस्ताक्षर किए हुए खाली चेक) मांग लिए। विश्वास में आकर



नरेंद्र ने चेक सौंप दिए, जिसके बदले शातिर आरोपी ने उन्हें बाकायदा एफडी की फर्जी पावती (रसीद) भी दे दी ताकि उन्हें शक न हो।

**ऐसे खुला धोखाधड़ी का 'काला चिट्ठा**- जालसाजी का पर्दाफाश तब हुआ जब 2 मार्च 2026 को प्रार्थी को पैसों की सख्त जरूरत पड़ी। उन्होंने राजा खुंटे को फोन कर अपनी एफडी तोड़ने को कहा। फोन पर आरोपी की घबराहट और पैसों का हेर-फेर हो गया है जैसे गोलमोल जवाबों ने नरेंद्र के कान खड़े कर दिए। आनन-फानन में जब पीड़ित ने बैंक पहुंचकर अपना स्टेटमेंट निकलवाया, तो उनके होश उड़ गए। बैंक खाते से 40 लाख रुपये गायब थे। रिकॉर्ड से पता चला कि आरोपी ने ब्लैंक चेक का इस्तेमाल कर विकास राव गोडकी और शैलेन्द्री जैसे अपने सहयोगियों के नाम पर अलग-अलग तारीखों में पूरी रकम का आहरण कर लिया था। इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ा सवाल बैंक के सिस्टम पर उठ रहा है। पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण के निर्देशन में चल रही इस जांच की सुई अब बैंक के आला अधिकारियों की ओर भी घूम रही है।

### युद्ध के कारण पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह

**तिल्दा नेवरा।** अमेरिका-इजराइल–ईरान युद्ध की खबरों के बीच पेट्रोल–डीजल खत्म होने की अफवाह से पेट्रोल की मांग बढ़ गई है । कई किसान ट्रैक्टर, ड्रम और कैन लेकर डीजल भरवाने पहुंच रहे हैं. हालांकि स्पष्ट तौर पर कहा जा रहा है कि तेल की कोई कमी नही है । ना ही ऐसी कोई संभावना है बावजूद कई लोग गाड़ियों के साथ-साथ ड्रम, कैन और गैलन लेकर डीजल-पेट्रोल भरवाने पहुंच रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव और युद्ध की खबरों का असर अब आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर भी दिखाई देने लगा है। इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर फैल रही चर्चाओं और अफवाहों ने अजीब सा माहौल बना दिया है।लोगो को इस बात का डर है की युद्ध के चलते तेल जल्द खत्म हो जाएगा,इसी कारण लोग गाड़ियों के साथ-साथ ड्रम, कैन और गैलन लेकर डीजल-पेट्रोल भरवाने पहुंच रहे हैं।

# भलेरा समिति में धान में पानी डालकर लाखों का घपला, चार कर्मचारी बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| आरंग

धान खरीदी सीजन के दौरान एक बार फिर भ्रष्टाचार का बड़ा काला चेहरा सामने आया है। आरंग जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंतर्गत भलेरा स्थित सहकारी समिति के धान खरीदी केंद्र पर कर्मचारियों ने हजारों बोरी धान में जानबूझकर पानी डालकर वजन बढ़ाने की धांधली रची। यह घोटाला न केवल सरकार को करोड़ों का चूना लगाने वाला था, बल्कि किसानों की साल भर की मेहनत को भी बर्बाद करने वाला साबित होता। ग्रामीणों की सतर्कता ने इस खेल को पकड़ लिया। स्थानीय लोगों ने मोबाइल से वीडियो बनाया, जिसमें साफ दिख रहा है कि कर्मचारी पाइप के जरिए बोरियों पर पानी छिड़क रहे थे।

आरोप है कि धान को गीला कर वजन बढ़ाने से एमएसपी पर ज्यादा भुगतान दिखाकर अनियमित कमाई की जा रही थी, लेकिन गीला धान जल्दी खराब हो जाता, जिससे किसानों और शासन दोनों को नुकसान होता। वीडियो में यह भी दावा किया गया कि घटना के दौरान केंद्र का सीसीटीवी कैमरा जानबूझकर बंद कर दिया गया था।



ग्रामीणों का कहना है कि इस करतूत को दबाने के लिए समिति प्रबंधक और कर्मचारियों ने 10 लाख रुपये रिश्वत देने की पेशकश तक की। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही प्रशासन हरकत में आया।

**चार कर्मचारियों को तत्काल किया बर्खास्त**- रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने मामले की गंभीरता देखते हुए तुरंत संज्ञान लिया। सहकारिता विभाग ने तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की, जिसमें सहायक आयुक्त विजय कश्यप, सीओ सुमित डडसेना और सीओ अशोक साहू शामिल थे। टीम ने मौके पर निरीक्षण किया और प्रथम दृष्टया पानी डालने की पुष्टि हुई। जांच के आधार पर चार कर्मचारियों को तत्काल बर्खास्त कर दिया गया। इनमें प्रभारी समिति प्रबंधक विष्णु साहू, सहायक लिपिक उमेश कुमार साहू, इन्द्रमन निषाद और दैनिक कर्मचारी जितेंद्र साहू शामिल हैं। सहकारिता विस्तार अधिकारी और ब्रांच मैनेजर ने यह कार्रवाई की। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि विस्तृत जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विभागीय दंड सहित सख्त कार्रवाई होगी।

## पेज 13 के शेष...

### 4 दिन में 58 करोड़ ...

की बिक्री हुई है। इस तरह जिले में 4 दिन में कुल 58 करोड़ 10 लाख 33 हजार 200 रुपए की शराब पियक्कड़ गटक गए हैं, जबकि पिछले वर्ष होली के 4 दिन में 57 करोड़ 19 लाख 10 हजार 510 रुपए की शराब बेची गई थी।

### निरीक्षण दल ...

एक निरीक्षण दल को यहां बीती परीक्षाओं के दौरान अनियमितताएं प्राप्त हुई थीं। 10वीं-12वीं की परीक्षाओं के लिए निर्धारित नियमों और जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार यहां परीक्षाएं नहीं हो रही थीं। इस आधार पर यहां केंद्राध्यक्ष परिवर्तन का निर्णय लिया गया है।

### आंबेडकर में इमरजेंसी,...

मगर एक दिन पहले यानी 3 मार्च मंगलवार को 5 मार्च गुरुवार को भी इस विभाग में तत्काल उपचार के लिए मरीजों के आने का सिलसिला जारी रहा। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक सामान्य दिनों में यहां रोजाना औसतन 30 से 35 मामले प्राथमिक जांच अथवा इलाज के लिए आते हैं। होली की वजह से इनकी संख्या दोगुनी हो गई है और तीन दिन में 241 एमएलसी केस के माध्यम से इलाज के लिए यहां पहुंचे। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक इनमें 60 यानी 25 फीसदी केस रोड एक्सीडेंट में जख्मी होने की वजह से थे, वहीं 75 प्रतिशत मामले यानी लगभग 180 केस एसाल्ट यानी मारपीट, चाकूबाजी से संबंधित रहे। चिकित्सकों के मुताबिक आपात स्थिति में आने वाले मरीजों का इलाज उनकी प्राथमिकता थी, इसलिए मुलाहिजा की तरफ ध्यान नहीं दिया गया। वैसे दावा किया जा रहा है कि इमरजेंसी में आने वाले 80 प्रतिशत मामले अल्कोहल से संबंधित थे। त्योहार की वजह से अस्पताल के इमरजेंसी एंड ट्रामा में चिकित्सकीय स्टाफ की ड्यूटी ज्यादा संख्या में लगाई गई थी।

### होली में पुलिस ...

कमिश्नरेट में अफसर के साथ पुलिस के जवानों ने होली के पांच दिन पूर्व से ही बदमाशों की धरपकड़ तेज करने के साथ मादक पदार्थों की अवैध खरीद फरोख्त करने वालों के खिलाफ सख्ती बरतते हुए कार्रवाई तेज कर दी थी। इसके साथ ही पुलिस ने अभियान चलाकर पांच दिनों के भीतर ड्रंक एंड ड्राइव के साढ़े चार सौ से ज्यादा कार्रवाई की। इससे होली में हुड़दंग करने वाले सहम गए। पुलिस की सख्ती के बीच बदमाश गंज थाना क्षेत्र में हत्या तथा टिकरापारा थाना क्षेत्र में लूट की घटना करने में कामयाब रहे।

**पारिवारिक विवाद में हत्या** –बच्चे के उपचार कराने के विवाद में दो सगे भाइयों को अपने छोटे भाई की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दिनेश विश्वकर्मा की हत्या के आरोप में पुलिस ने कमलेश तथा अखिलेश विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया है कि उसका बेटा दिनेश कमलेश के बेटे की तबीयत खराब होने पर उपचार कराने अस्पताल ले गया था। इस बात को लेकर तीनों भाइयों के बीच विवाद हुआ और कमलेश तथा अखिलेश दोनों ने मिलकर दिनेश की हत्या कर दी।

**रंग डालने तथा आपसी विवाद पर जमकर चले चाकू**- रायपुर ग्रामीण थाना क्षेत्र के धरसींवा, गोबरा-नवापारा, तिल्दा नेवरा तथा विधानसभा थाना क्षेत्र में होली में रंग डालने से लेकर आपसी रंजिश पर हत्या की कोशिश करने के आरोप में पुलिस ने आधा दर्जन से ज्यादा बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

**पेट्रोल देने के बहाने लूट**–होली के दिन तीन बदमाशों ने एक युवक को उसकी दोपहिया में पेट्रोल देने के बहाने उसके पास से नकदी रकम 15 सौ रुपए कैश तथा दोपहिया लूट की। नेहरू नगर निवासी सौरभ आईच ने तुषार अहमद, समीर एवं अलीमुद्दीन के खिलाफ लूट की शिकायत दर्ज कराई है। सौरभ ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को दोपहिया में पेट्रोल खत्म होने पर वह पेट्रोल लेने निकला था। इस दौरान तुषार और उसके साथी ने अपने पास ई-रिक्शा की डिक्की से पेट्रोल निकालकर दिया। इसके बाद बदमाश उसे अपने साथ बोरियाखुर्द ले गए और उसके साथ मारपीट कर चाकू की नोक पर जेब से पैसा निकाल कर उसकी दोपहिया लूट कर मौके से फरार हो गए।

### बकाया पैसा नहीं ....

को घूमने ले जाने के बहाने अपनी दोपहिया में बैठाकर खारुन विहार स्थित रेलवे इंजीनियरिंग कॉलोनी, फाफाडीह के पीछे नाले के पास ले गया और उसकी हत्या कर दी।

### रंग लगाने के...

साहू, नेश निषाद तथा एक नाबालिग ने नीरज की बाइक रोक कर चाबी निकाल ली और उस पर रंग लगाने की कोशिश की। रंग से बचने नीरज तथा उसका साथी भागने लगे। तब बदमाशों ने उन्हें रोक कर मारपीट की। इस दौरान एक बदमाश ने नीरज पर चाकू से वार कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने हत्या में शामिल सभी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

### नाचने के विवाद पर...

गिरफ्तार किया है। महिला ने कमल नारायण यादव पर हंसिया से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है।

### नाम परिवर्तन शपथ पत्र

मैं, शपथकर्ती दुर्गा तांडी उम्र 23 वर्ष पिता स्व. श्री पोखी तांडी, निवासी-एफ 31 अमरूत होम पुरेना, तेलीबांधा रविग्राम रायपुर तह. जिला रायपुर छ.ग. निम्न लिखित शपथपूर्वक कथन करती हूं कि-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य सही है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 7494 9959 1736 में त्रुटिवश मेरा नाम दुर्ग तांडी दर्ज जो गया है।
3. यह कि मेरे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम- दुर्गा तांडी, दर्ज है, जो कि सत्य व सही है।
4. यह कि मैं अपने आधार कार्ड में त्रुटिपूर्ण दर्ज नाम- दुर्ग तांडी को बदलकर अपना सही नाम- दुर्गा तांडी दर्ज करवाना चाहती हूं।

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ती सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र में वर्णित समस्त तथ्य मेरे स्वयं के ज्ञान विश्वास से सत्य सही है मुकाम रायपुर में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 24/02/2026
**शपथकर्ती**
**दुर्गा तांडी**

### न्यायालय अपर कलेक्टर (रा.) रायपुर (छ.ग.)

**-: ईश्तहार :-**

रा.मा.क्रं. ब/ 121 / वर्ष 2025-26
रायपुर दिनाँक 27/02/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक **राजेश सागर पिता हरीप्रसाद सागर** निवासी कुकरी तालाब शिव मंदिर के पास गुढ़ियारी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा संयुक्त खाता में ग्राम बरौदा प.ह.नं. 17 तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर स्थित भूमि **खसरा नंबर 755/2 रकबा 0.0100 हे.** को विक्रय करना चाहता है उक्त भूमि नया रायपुर डेव्हलपमेंट अथॉरिटी क्षेत्र में आने के कारण विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन के संबंध में नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका की प्रति प्रस्तुत की गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ अभिभाषक या संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि दिनाँक 25/03/2026 तक **न्यायालय अपर कलेक्टर कक्ष क्र. 12** में दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 27/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

स्थान :- रायपुर
जारी दिनांक 27/02/2026
मुहर
**अपर कलेक्टर**
**रायपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय अपर कलेक्टर (रा.) रायपुर (छ.ग.)

**-: ईश्तहार :-**

रा.मा.क्रं. ब/ 121 / वर्ष 2025-26
रायपुर दिनाँक 27/02/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक **कुलदीप सिंग पिता सुरजीत सिंग** निवासी- राठौर चौक प्रभात टाकीज के पास रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा संयुक्त खाता में ग्राम बरौदा प.ह.नं. 17 तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर स्थित भूमि **खसरा नंबर 755/1 रकबा 0.0200 हे.** को विक्रय करना चाहता है उक्त भूमि नया रायपुर डेव्हलपमेंट अथॉरिटी क्षेत्र में आने के कारण विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन के संबंध में नक्शा खसरा बी-1, ऋण पुस्तिका की प्रति प्रस्तुत की गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ अभिभाषक या संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि दिनाँक 25/03/2026 तक **न्यायालय अपर कलेक्टर कक्ष क्र. 12** में दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 27/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

स्थान :- रायपुर
जारी दिनांक 27/02/2026
मुहर
**अपर कलेक्टर**
**रायपुर (छ.ग.)**

## बिजनेस साइट

# फ्लेक्सीकैप म्यूचुअल फंड आपके पोर्टफोलियो की क्रिकेट टीम की तरह काम करते हैं

**रायपुर।** क्रिकेट में, कोई भी एक खिलाड़ी हर फॉर्मेट के लिए परफेक्ट नहीं होता। एक टेस्ट मैच में सब्र और टेक्निक की जरूरत होती है। एक टी20 मैच में आक्रामक और तेज रन की जरूरत होती है। एक स्मार्ट सिलेक्टर सही मिक्स चुनकर टीम बनाता है, न कि सिर्फ एक तरह के खिलाड़ी से टीम को भरकर।

म्यूचुअल फंड के जरिए फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टमेंट भी इसी तरह काम करता है।

**निवेश करने में आजादी**

एक फ्लेक्सीकैप म्यूचुअल फंड मार्केट के किसी एक फिक्स्ड हिस्से में बंद नहीं होता। इसके मैनेजर के पास हालात के हिसाब से, बाजार ट्रेंड और वैल्यूएशन को देखते हुए, अलग-अलग मार्केट कैपिटलाइजेशन वाले स्टॉक में जाने की छूट होती है।

लार्ज-कैप स्टॉक को स्थिर पुराने स्टॉक के तौर पर सोचें - भरोसेमंद, अनुभवी और जब मार्केट में उतार-चढ़ाव होता है तो स्थिर। मिडकैप वर्सेटाइल ऑल-स्टार होते हैं - जो आगे बढ़ रहे होते हैं, फिर भी उनमें थोड़ी ज्यादा मैच्योरिटी होती है। स्मॉल-कैप युवा उम्मीद वाले होते हैं - ज्यादा रोमांच और बड़ा अपसाइड, फिर भी थोड़ी अनिश्चितता के साथ।

फ्लेक्सीकैप फंड में इन्वेस्ट क्यों करें? निवेशकों के लिए लॉजिक आसान है-एक फंड के जरिए, आपको कई मार्केट सेगमेंट में एक्सपोजर मिलता है। यह इन-बिल्ट डाइवर्सिफिकेशन जोखिम को कम करने और ज्यादा निर्भरता को कम करने में मदद कर सकता है। जब मार्केट अनिश्चित होते हैं, तो फंड मजबूत और लार्ज कंपनियों की ओर झुक सकता है। जब इकॉनमी तेजी से बढ़ रही होती है, तो यह मिड और स्मॉल बिजनेस में ज्यादा एक्सपोजर ले सकता है जिन्हें तेज ग्रोथ से फायदा हो सकता है।



**दीपक हेमानी**
**हेमानी कंसल्टेंसी, रायपुर**

एक आम इन्वेस्टर के लिए, यह तरीका कई इक्विटी फंड को अलग-अलग मैनेज करने की कोशिश करने से ज्यादा आसान लग सकता है। यह इस लगातार सवाल से भी बचाता है कि "क्या मुझे अभी लार्ज-कैप में इन्वेस्ट करना चाहिए या स्मॉल-कैप में?"

हालांकि, निवेशकों को यह याद रखना चाहिए कि फ्लेक्सीकैप फंड अभी भी इक्विटी-ओरिएंटेड हैं, जिसका मतलब है कि वे स्टॉक मार्केट के साथ ऊपर-नीचे हो सकते हैं। वे उन लोगों के लिए ज्यादा सही हैं जिनका लॉन्ग-टर्म नजरिया है और जो निवेशित रहने का सब्र रखते हैं।

इस तरीके से जुड़ा फंड ढूंढने वाले निवेशकों के लिए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड दिखाता है कि यह रणनीति असल में कैसे काम करती है। मार्केट कैप में इसका फ्लेक्सिबल एलोकेशन डायवर्सिफिकेशन बनाए रखते हुए साइकिल में मौकों को पकड़ने का मकसद रखता है। 31 जनवरी, 2026 तक, इसने एक साल में 9.91 प्रतिशत, तीन साल में 18.93 प्रतिशत और शुरुआत (जुलाई 2021) से 15.19 प्रतिशत का सीएजीआर दिया है।

इस तरह, फ्लेक्सीकैप म्यूचुअल फंड का मकसद वही करना है जो हर अच्छा क्रिकेट कप्तान करता है: पिच, हालात और खेल की स्थिति के हिसाब से खुद को ढालना।

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर -19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

दिनांक 20.01.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती निर्मला वर्मा पति स्व.मालिक राम वर्मा निवासी सा.देह की ग्राम धनेली प.ह.नं. 24 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 42/36(105/3) शामि. रकबा 0.0180 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक क/वाचक/ तह/ 2026 आदेश दिनांक 12.02.2026 के परिपालन में दिनांक 16.04.2026 को समय 02:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 24 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक,**
**रायपुर -19, धनेली**




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## राष्ट्रीय स्तर की महिला खिलाड़ियों का सम्मान



**रायपुर।** रायपुर कॉन्वेंट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में विद्यालय की संचालिका स्व. जया कसार की स्मृति में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की महिला खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित खिलाड़ियों में अनिशा टिरकी (हॉकी), हेमलता निषाद (खो-खो), प्रीति पटेल (खो-खो), प्राची चौबे (रेसलिंग व साफ्टबॉल), दिव्यानी सिया (बैडमिंटन तकनीकी अधिकारी व रेफरी) तथा चिरंजीवी साहू (योगा) शामिल रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. जया कसार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव कमल कसार, आदित्य कसार, प्राचार्य डॉ. श्वेता वासनिक, रानी शर्मा, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शराब के नशे में दोस्त पर किया जानलेवा हमला

**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाने में एक युवक ने अपने तीन अन्य साथियों के खिलाफ शराब के नशे में उस पर जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लोधीपारा निवासी प्रेमचंद झरिया ने चंदन शाह तथा दो अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, प्रेमचंद अपने साथियों के साथ बैठकर शराब पी रहा था। इस दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके चलते चंदन तथा उसके दो अन्य साथी शराब की बोतल से प्रेमचंद के सिर तथा चेहरे पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिए।



# भाजपा की लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस की फूलो देवी नेताम का राज्यसभा सदस्य बनना तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की रिक्त हो रही दो राज्यसभा की सीटों के लिए भाजपा की लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस की फूलोदेवी नेताम ने नामांकन भरा है। इसी के साथ तेलंगाना के एक निर्दलीय प्रत्याशी ने भी नामांकन भरा था। शुक्रवार को नामांकनों की छंटनी के बाद निर्वाचन अधिकारी मनीष शर्मा ने लक्ष्मी वर्मा और फूलोदेवी नेताम के नामांकन को सही पाया है। निर्दलीय प्रत्याशी का नामांकन पूरा न होने के कारण उसे निरस्त कर दिया गया है। ऐसे में अब भाजपा और कांग्रेस की प्रत्याशी का राज्यसभा सदस्य बनना तय हो गया है। 9 मार्च को नाम वापसी के बाद भाजपा और कांग्रेस की प्रत्याशियों को निवार्चित घोषित कर दिया जाएगा।

- एक निर्दलीय प्रत्याशी का नामांकन निरस्त

छत्तीसगढ़ में राज्यसभा में कुल 5 सदस्य प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इनमें से दो सांसदों का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 को समाप्त होने वाला है। इन दो नामों में फूलोदेवी नेताम और केटीएस तुलसी शामिल हैं, जो कांग्रेस पार्टी से राज्यसभा सांसद हैं। इनका कार्यकाल समाप्त होने के कारण ही छत्तीसगढ़ में दो सदस्यों के लिए चुनाव हो रहा है। भाजपा ने जहां राज्यसभा प्रत्याशी के रूप में लक्ष्मी वर्मा का नाम घोषित किया है, वहीं कांग्रेस ने एक बार फिर से फूलोदेवी नेताम को ही प्रत्याशी बनाया है।





### फूलोदेवी नेताम ने भरा पर्चा

कांग्रेस की प्रत्याशी फूलोदेवी नेताम ने भी गुरुवार को निर्वाचन अधिकारी के कक्ष में उपस्थित होकर दो सेट में अपना नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधायक एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लक्ष्मी वर्मा के नामांकन में सीएम सहित रहे सभी मंत्री

भाजपा की राज्यसभा चुनाव के लिए घोषित प्रत्याशी लक्ष्मी वर्मा ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष तीन सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नामांकन दाखिले के बाद विश्वास व्यक्त किया, श्रीमती वर्मा राज्यसभा में छत्तीसगढ़ की सशक्त नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व पूरी श्रद्धा, निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ करेंगीं। उनका अनुभव, संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति समर्पण उच्च सदन में प्रदेश की आवाज को मजबूती प्रदान करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, श्रीमती वर्मा एक निष्ठावान और कर्मठ कार्यकर्ता हैं। राज्यसभा के लिए उनका चयन छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति का सम्मान है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, श्रीमती वर्मा का राज्यसभा जाना छत्तीसगढ़ के पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर उनके साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, क्षेत्रीय महामंत्री अजय जामवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय व लता उसेण्डी, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, टंकराम वर्मा, दयालदास बघेल, लक्ष्मी रजवाड़े, श्यामबिहारी जायसवाल, गुरु खुशवंत साहेब, गजेंद्र यादव, राजेश अग्रवाल, दयालदास बघेल, भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी व डॉ. नवीन मार्कण्डेय, सांसद संतोष पाण्डेय, बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल व देवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, पुन्नूलाल मोहले, अजय चंद्राकर, सुनील सोनी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल उपस्थित थे।

### डीजे संचालकों का पुलिस अफसरों के साथ प्रदेश स्तरीय सम्मेलन

# डीजे संचालकों ने की पहल, पुलिस अफसरों से मीटिंग में बोले- नियमों का पालन करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली का पर्व समाप्त होने के बाद नवरात्री, रामनवमी के बाद 27 मार्च से शादी सीजन शुरू हो जाएगा। शादी का सीजन शुरू होने के साथ ही रामनवमी में डीजे, धुमाल की डिमांड बढ़ जाती है। डीजे, धुमाल को लेकर हाईकोर्ट के साथ सुप्रीम कोर्ट की सख्त गाइड लाइन है। ऐसी स्थिति में नियमों की अनदेखी करने पर डीजे, धुमाल वालों के साथ पुलिस के साथ ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई करती है। इस स्थिति से बचाव के लिए डीजे संचालकों का रायपुर में शुक्रवार को प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

डीजे संचालकों की सम्मेलन में विशेष रूप से रायपुर सेंट्रल के एडीसीपी तारकेश्वर पटेल, एसीपी सेंट्रल रमाकांत साहू के साथ एसीपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर उपस्थित रहे। डीजे संचालकों के सम्मेलन में पुलिस अफसरों ने रायपुर के साथ दूसरे जिलों से आए डीजे संचालकों को परेशानी से बचने नियमों का कैसे पालन करना है। इस संबंध में डीजे संचालकों को विस्तार से नियम कानूनों के बारे में जानकारी दी।





### संचालकों ने कहा 10 के बाद नहीं बजाएंगे डीजे

डीजे संचालकों ने अपने सम्मेलन में स्वतः निर्णय लिया गया कि उन लोगों द्वारा आगामी वैवाहिक सीजन तथा अन्य समारोह में तय मानक के आधार पर निर्धारीत डेसिबल में डीजे, धुमाल बजाएंगे। इसके साथ ही डीजे संचालकों ने निर्णय लिया है कि किसी भी समारोह में रात 10 बजे के बाद उनके द्वारा डीजे, धुमाल बंद कर दिया जाएगा। रायपुर के डीजे संचालकों ने कहा कि जो डीजे संचालक नियमों का पालन नहीं करेंगे उनके खिलाफ वे स्वयं जुर्माने की कार्रवाई करेंगे।

**आने वाले विवाह के साथ त्योहारी सीजन में परेशानी से बचाव करने नियमों का पालन करने लिया निर्णय**

### नियमों का पालन नहीं करने पर होगी सख्ती

*एडीसीपी तारकेश्वर पटेल ने डीजे संचालकों को संबोधित करते हुए कहा कि जो डीजे संचालक नियमों का पालन नहीं करेंगे। उनके खिलाफ जुर्माना के साथ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी ने सभी डीजे संचालकों को डीजे, धुमाल बजाने परेशानी से बचने नियमों को ध्यान में रखते हुए डीजे बजाने निर्देश दिए। इसके लिए संबंधित विभाग के अफसरों से अनुमति लेने से लेकर डीजे, धुमाल बजाने की सलाह दी।*

### ई-चालान के माध्यम से कार्रवाई

ट्रैफिक एसीपी सतीश ठाकुर ने डीजे संचालकों को संबोधित करते हुए कहा की रायपुर में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू हो गया है। माइक्रो लेबल पर कार्रवाई होने की ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी ने डीजे संचालकों को जानकारी दी। ट्रैफिक पुलिस के अफसर के अनुसार नियम के विपरित गाड़ी में तय मानक से ज्यादा ऊंचाई, लंबाई तथा साउंड सिस्टम को गाड़ी से बाहर निकाने पर कार्रवाई करने की जानकारी दी। साथ ही ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी ने डीजे संचालकों को कहा की ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर गाड़ी में साउंड सिस्टम लगाए जाने पर आईटीएमएस कैमरे के माध्यम से गाड़ी की पहचान कर ई-चालान की कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक एसीपी ने बिलासपुर के एक डीजे संचालक के खिलाफ आईटीएमएस कैमरे के माध्यम से कार्रवाई करने का उदाहरण डीजे, धुमाल संचालकों को दी।

## रुस्तम सारंग को खेल विभाग में मिली सहायक संचालक की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टर रुस्तम सारंग को खेल एवं युवा कल्याण विभाग में प्रतिनियुक्ति देते हुए सहायक संचालक के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सारंग ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन और उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया। उनकी खेल उपलब्धियों और अनुभव को सम्मान देते हुए उन्हें खेल एवं युवा कल्याण विभाग में सहायक संचालक के पद पर प्रतिनियुक्ति प्रदान की गई है। लंबे समय से खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों की ओर से यह मांग की जा रही थी कि सारंग के अनुभव का लाभ प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों को मिलना चाहिए।



रुस्तम सारंग अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। खेल के क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव और उपलब्धियों को देखते हुए राज्य शासन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है।

उन्होंने बताया कि बीते कुछ महीनों से अन्य दायित्वों के चलते वे खेल प्रशिक्षण और गतिविधियों से दूर थे, जिससे कई छोटे खिलाड़ी बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब इस नई जिम्मेदारी के साथ वे फिर से खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने और खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे।

## वजन बढ़ाने धान में डाला पानी, चार बर्खास्त एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान खरीदी और संग्रहण के दौरान प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित भलेरा के धान उपार्जन केंद्र में संग्रहित धान पर मोटर पंप से पानी डालने का मामला सामने आया है।

जांच के बाद प्रशासन ने चार कर्मियों को बर्खास्त कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। गौरतलब है, धान में पानी मिलाने का वीडियो सामने आया था। मामला गरमाने के बाद कलेक्टर गौरव सिंह ने जांच के लिए कमेटी बनाई थी। कमेटी की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद सभी के खिलाफ केस दर्ज कराया गया।

### इन पर कार्रवाई

जांच में समिति के प्रभारी प्रबंधक विष्णु साहू, लिपिकीय सहायक उमेश कुमार साहू, प्रोसिसर्वर इंदरमन निषाद तथा दैनिक कर्मचारी जितेन्द्र कुमार साहू की लापरवाही सामने आई है। यह कृत्य छत्तीसगढ़ शासन की धान उपार्जन नीति 2025–26 के प्रावधानों के विपरीत पाया गया। जिसके पश्चात चारो कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। भौतिक सत्यापन के दौरान लगभग 10500 बोरा धान नमीग्रस्त पाया गया, जिसका पंचनामा तैयार किया गया। जांच उपरांत मामले में संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध उप आयुक्त सहकारिता द्वारा एफआईआर के लिए निर्देशित किया गया।

**होली में पहली बार ड्रोन से स्टेशन की निगरानी**

# तीन दिनों में 300 लोगों पर नियम तोड़ने पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली के मौके पर बीते तीन दिनों में स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ी। स्टेशन की निगरानी के लिए इस बार आरपीएफ ने ड्रोन की भी मदद ली। ड्रोन के जरिए स्टेशन के चारों तरफ हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी गई। दिन में अलग-अलग समय पर संदिग्ध यात्रियों की निगरानी में ड्रोन काफी मददगार साबित हुआ। इस बार स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था में आरपीएफ और जीआरपी ने मिलकर काम किया।

बीते तीन दिनों में 300 लोगों पर कार्रवाई की गई है। इनमें चेन पुलिंग करने वालों से लेकर, किन्नरों, रेलवे नियमों का पालन न करने वालों और गंदगी फैलाने वालों पर भी कार्रवाई शामिल है। इस बार होली में छठ पर्व जैसी भीड़ देखने को मिली। रेलवे प्रशासन की ओर से प्लेटफॉर्म पर भीड़ नियंत्रित करने के लिए होल्डिंग एरिया बनाया गया था, लेकिन इसके बावजूद ट्रेन आने पर उसमें चढ़ने वाले यात्रियों की भीड़ काफी बढ़ गई थी। स्थिति को देखते हुए आरपीएफ व जीआरपी ने रस्सी का घेरा बनाकर यात्रियों को सुरक्षित ट्रेन में चढ़ाने में मदद की।



### अब ट्रेनों में लौटने वालों की भीड़

होली खत्म होने के बाद अब ट्रेनों से रायपुर लौटने वालों की भीड़ अधिक है। शुक्रवार को बिलासपुर और डोंगरगढ़ लोकल में यात्रियों की भारी भीड़ रही। इसके अलावा हसदेव, इंटरसिटी और अंबिकापुर एक्सप्रेस समेत लंबी दूरी की ट्रेनों जैसे दुरंतो, समता, छत्तीसगढ़ और सारनाथ एक्सप्रेस के जनरल कोच में सर्वाधिक भीड़ देखने को मिली।

### यातायात व्यवस्था तोड़ने पर काटे गए चालान

रेलवे स्टेशन परिसर के नो पार्किंग जोन में गाड़ी खड़ी करने वालों पर भी इस बार चालानी कार्रवाई देखने को मिली है। होली पर्व से पहले और बाद में परिजनों को स्टेशन छोड़ने आए लोगों द्वारा अव्यवस्थित रूप से गाड़ियां खड़ी करने पर आरपीएफ ने विधिवत कार्रवाई की है। भीड़ की वजह से चेन पुलिंग के भी दर्जनों मामले सामने आए। ऐसे यात्रियों की पहचान कर उन पर तत्काल कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक, होली के दौरान 24 घंटे स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों के सामान की चेकिंग की गई। ट्रेनों में डॉग स्क्वायड की मदद से गांजा और शराब आदि की भी सघन जांच की गई।









# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 7 मार्च 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



चैत्र नवरात्रि उत्सव के लिए सज रहे ...


## सिटी लाइव

## असफलता को बनाया ताकत और तीसरे प्रयास में मिली कामयाबी



रायपुर। सिविल सर्विसेस की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले खरसिया, रायगढ़ निवासी रौनक अग्रवाल ने अपनी सफलता की कहानी बयां करते हुए बताया कि इस परीक्षा को पास कर पिता तरुण अग्रवाल के सपने को पूरा करने के प्रयास में दो बार असफल भी हुआ, लेकिन निराशा के भाव अपने ऊपर हावी नहीं होने दिए। हर असफलता के बाद खुद की कमियों को ढूंढने का प्रयास किया। असफलता को ताकत बनाया और हार नहीं मानी। इसका परिणाम है कि अंततः तीसरे प्रयास में मुझे कामयाबी के रूप में 772वां रैंक मिला। उन्होंने बताया कि पिताजी व्यावसायी हैं, उनका सपना था कि यूपीएससी परीक्षा पास करके मैं सिविल सर्विसेस का हिस्सा बनूं। पिताजी के सपने को पूरा करने के लिए अपने स्तर पर हमेशा प्रयास किया और उसमें सफलता मिली।

### कर्मचारी भविष्यनिधि में नौकरी के साथ तैयारी

रौनक ने आगे बताया कि 2024 में एक अन्य प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से सलेक्ट होने पर मुझे रायपुर में ही जॉब करने का अवसर मिला। यहां कर्मचारी भविष्यनिधि में एकाउंटेंट की नौकरी के साथ प्रतिदिन 6 से 8 घंटे सेल्फ स्टडी करते हुए मैने नोट्स तैयार किए। इस बार परीक्षा पास करने के साथ अच्छा रैंक भी मिला है। इससे पहले फाउंडेशन कोर्स और विषयों की तैयारी में आने वाली दिक्कतों को दूर करने का हरसंभव प्रयास करता रहा। दोस्तों से भी किसी प्रकार की मदद नहीं मिल रही थी, ऐसे में स्वयं तैयार किए गए नोट्स और नियमित अभ्यास से कामयाबी हासिल की। उन्होंने बताया कि सोशल सर्विसेस को सेवाभावना से काम करने के लिए चुना।

## सात लोगों की घर वापसी सेवा के लिए इंद्रजीत को मिला सम्मान

रायपुर। रायपुर स्थित गुरुद्वारा बाबा बुड्डा साहब में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और पंजाब से पधारे जत्थेदार बाबा साहेब सिंह द्वारा यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह का सम्मान किया गया। यह सम्मान उन्हें सिख पंथ के सात श्रद्धालुओं की घर वापसी कराने के सराहनीय और



सेवाभावी कार्य के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगत ने उनके सेवा भाव, समर्पण और समाज के प्रति जिम्मेदारी की सराहना करते हुए उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज और पंथ की सेवा में युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी प्रेरणादायक है। इंद्रजीत सिंह द्वारा किए गए प्रयास न केवल समाज को जोड़ने वाले हैं, बल्कि सिख मूल्यों एवं परंपराओं के प्रति जागरुकता भी बढ़ाते हैं। यूथ सिख सेवा समिति भिलाई की ओर से कहा गया कि आगे भी समाजहित एवं पंथ सेवा के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगतजन उपस्थित थे।

## एजुकेशन अलर्ट

## भारतीय रिजर्व बैंक में असिस्टेंट के पदों पर आवेदन 8 मार्च तक




रायपुर। भारतीय रिजर्व बैंक में असिस्टेंट के पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि नजदीक है। जिन उम्मीदवारों ने अभी तक असिस्टेंट के पदों पर आवेदन नहीं किया है। वे उम्मीदवार आरबीआई की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं। बता दें, इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से कुल 650 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 08 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे तय समय से पहले आवेदन प्रक्रिया को अवश्य पूरा कर लें।

### ये कर सकते हैं आवेदन

उम्मीदवारों की आयु की गणना 1 फरवरी, 2026 के आधार पर की जाएगी। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 20 वर्ष और अधिकतम आयु 28 वर्ष निर्धारित की गई है। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को पांच वर्ष की छूट, ओबीसी उम्मीदवारों को तीन वर्ष की छूट और दिव्यांग उम्मीदवारों को 10 वर्ष की छूट दी जाएगी। असिस्टेंट के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों ने न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों से स्नातक पूरी की हो।


### इस तरह होगा चयन

उम्मीदवारों का चयन प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और लैंग्वेज प्रोफिशिएंसी टेस्ट के आधार पर किया जाएगा। प्रारंभिक परीक्षा में उम्मीदवारों से अंग्रेजी, न्यूमेरिकल एबिलिटी और रीजनिंग विषय से 100 अंकों के 100 सवाल पूछे जाएंगे। परीक्षा एक घंटे के लिए आयोजित कराई जाएगी। इस परीक्षा में चयन किए गए उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। मुख्य परीक्षा कुल 200 अंकों के लिए आयोजित की जाएगी।इस पद पर चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 29,000 से लेकर 78,640 रुपए तक प्रदान किए जाएंगे। आवेदन करने के लिए जनरल, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस केटेगरी के उम्मीदवारों को 450 रुपए और एससी एवं एसटी और दिव्यांग उम्मीदवारों को 50 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में जमा करना होगा। आरबीआई की ओर से प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 11 अप्रैल और मुख्य परीक्षा का आयोजन 7 जून 2026 को किया जाएगा।

### पोषणयुक्त आहार देने और वजन मेंटेन करने के उपाय अपना रहे अभिभावक

# गर्मी के मौसम में डाइट चार्ट के मुताबिक बच्चों का ब्रेकफास्ट-लंच और डिनर हेल्दी बना रहे पैरेंट्स

गर्मी के मौसम में स्कूली बच्चों को संतुलित पोषण आहार देने पैरेंट्स डायटिशियन के सुझाव ले रहे हैं। ऐसे में पैरेंट्स ने डाइट चार्ट के मुताबिक हेल्दी ब्रेकफास्ट, लंच बॉक्स, डिनर मेन्यू को शामिल करना शुरू किया है। शहर के जाने माने न्यूट्रिशन, डाइटिशियन बता रहे हैं।कि बढ़ते बच्चों की सेहत का राज संतुलित पोषणयुक्त खानपान है।



रायपुर। मौसम के अनुरूप उनका लंच बॉक्स, सुबह का नाश्ता, डिनर मेंटेन करना बहुत जरूरी होता है। बदलते मौसम व लाइफ स्टाइल का सीधा असर न्यू जनरेशन की सेहत यानी स्कूली बच्चों पर तेजी से पड़ता है। अगर आहार-पोषण सही तरीके से मेंटेन नहीं किया गया तो बच्चे मोटापे का शिकार हो सकते हैं। इससे छोटी उम्र के बच्चों में कई तरह के गंभीर बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में अब बच्चों के पैरेंट्स में काफी जागरूकता आई है। हरिभूमि ने शहर में बदलते मौसम, खानपान की शैली, खासकर पैरेंट्स बच्चों की सेहत हेल्दी कैसे करें, इसको लेकर शहर के जाने-माने न्यूट्रिशन, डाइटिशियन से बातचीत की। इसमें यह बात निकलकर सामने आई कि मौसम बदलने के साथ ही बच्चों के बढ़ते वजन व मोटापे से छुटकारा पाने, वे सभी हेल्दी खानपान के लिए उनसे अप्रोच कर रहे हैं। जहां उन्हें संतुलित आहर डाइट चार्ट मैन्यू के मुताबिक मेंटेन कराया जा रहा है।



### मौसमी फल और सब्जियां करें शामिल

न्यूट्रिशनिस्ट और डायटेटिक्स डॉ. सारिका श्रीवास्तव ने बताया कि मौसम के अनुरूप सूप, ताजे पके फल फायदेमंद होते हैं। मौसमी फल और सब्जियां सबसे ज्यादा पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं और शरीर को मौसम के अनुरूप ढालने में मदद करती हैं। जिस तरह गाजर, चुकंदर, पालक और मूली फायदेमंद होते हैं तो गर्मियों में खीरा, टमाटर, लौकी, तरबूज और बेल का जूस सेहत के लिए फायदेमंद होता है।





### बच्चों के लिए हेल्दी पोषण-आहार

न्यूट्रिशनिस्ट और डायटेटिक्स के मुताबिक सूजी का उपमा, दलिया, स्प्राउट्स, ब्राउन ब्रेड, जेम, रोटी-सब्जी, खिचड़ी, ब्राउन राइस, सूजी की इडली, ओट्स का चीला, हल्दी वाला दूध जैसे पोषण-युक्त संतुलित डाइट चार्ट के अनुसार बच्चों के पैरेंट्स को उनका ब्रेकफास्ट, लंच बॉक्स, डिनर बनाने की सलाह दे रहे हैं। तले-भुंजे पदार्थ, जंक फूड्स, पैकेज फूड्स लेने से मना कर रहे हैं।

### लंच बॉक्स को ऐसे रंगीन और पौष्टिक बनाएं

गर्मियों में छोटे बच्चों के लिए हेल्दी और ठंडा रखने वाला टिफिन तैयार करने के लिए दही-चावल, पुदीना राइस या कुरकुरी भिंडी के साथ घी के पराठे बेहतरीन विकल्प हैं। हाइड्रेशन के लिए ताजे फल, ककड़ी-गाजर का सलाद और नीबू पानी या छाछ शामिल करें। लंच बॉक्स रंगीन और पौष्टिक बनाने के लिए पनीर रोल या वेजिटेबल सैंडविच भी दिए जा सकते हैं।

## स्कूली विद्यार्थियों ने किया एनआईटी का भ्रमण, विभागों और प्रोफेसर्स से हुए रूबरू



रायपुर। एनआईटी में स्कूली विद्यार्थियों का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शुक्रवार को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्र के 25 स्कूली विद्यार्थियों ने विभाग की प्रयोगशालाओं एवं शैक्षणिक भवनों का भ्रमण किया। यह कार्यक्रम भारत सरकार की अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की साइंटिफिक सोशल रेस्पोंसिबिलिटी योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. देबराज मुछाहारि ने बताया कि यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के पाटन अंतर्गत सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सांकरा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य युवा विद्यार्थियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शोध गतिविधियों के प्रति प्रेरित करना था। इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से कक्षा 7वीं, 8वीं और 9वीं के विद्यार्थियों को एनआईटी रायपुर के शैक्षणिक वातावरण और शोध सुविधाओं को नजदीक से देखने का अवसर मिला।कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह रघुवंशी भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी के विभिन्न अध्ययन क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी तथा नई पीढ़ी की संचार तकनीकों और इन्टरनेट ऑफ़ थिंग्स से जुड़े शोध कार्यों पर विशेष जोर दिया।

### इंजीनियरिंग शिक्षा के विभिन्न पहलुओं का अवलोकन

इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग शिक्षा के विभिन्न पहलुओं, प्रयोगशाला सुविधाओं तथा विभाग में चल रहे शोध कार्यों से परिचित कराया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने संस्थान की अन्य सुविधाओं जैसे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कैंटीन आदि का भी अवलोकन किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूली विद्यार्थियों, विशेष रूप से छात्राओं, को विज्ञान और अभियांत्रिकी के क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना था।

## इंटरनेशनल स्टार फिल्म फेस्टिवल में मिला डॉक्यूमेंट्री 'चिंताराम' को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान



रायपुर। कोलकाता में आयोजित इंटरनेशनल स्टार फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स 2026 में फिल्मकार एस. अंशु धुरंधर को भारतीय फिल्म श्रेणी के अंतर्गत द्वितीय सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें छत्तीसगढ़ के जननायक दाऊ चिंताराम टिकरिहा पर आधारित नौ वर्षों के विस्तृत शोध से निर्मित डॉक्यूमेंट्री के लिए प्रदान किया गया। इस कृति के माध्यम से एक ऐसे ऐतिहासिक व्यक्तित्व को पुनः केंद्र में लाने का प्रयास किया गया है, जिनका योगदान समय के साथ व्यापक विमर्श से ओझल होता गया था। इस प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव में विश्व के 70 देशों से सैकड़ों फिल्मों की प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। चयन प्रक्रिया बहुस्तरीय रही, जिसमें स्टोरी टेलिंग, रचनात्मकता, तकनीकी गुणवत्ता और सांस्कृतिक प्रभाव जैसे विभिन्न मानकों पर गंभीर मूल्यांकन किया गया। क्रमिक चरणों के बाद चयनित फिल्मों को अंतिम स्क्रीनिंग के लिए निर्धारित किया गया। 27 फरवरी को कोलकाता स्थित राज्य युवा केंद्र परिसर के विवेकानंद ऑडिटोरियम में मुख्य जूरी के समक्ष फिल्मों का प्रदर्शन हुआ, जहां निर्धारित मानकों के आधार पर अंकों का निर्धारण किया गया। 28 फरवरी को आयोजित समारोह में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले फिल्मकारों को सम्मानित किया गया।

### घर सजाने अब वास्तु के नियमों को लोग कर रहे फॉलो

# घर का वातावरण शांत रखने वास्तु के नियमों से सजा रहे आशियाना, किचन से लेकर बदल रहे बेडरूम की दिशा

कार्नर न्यूज

रायपुर। वास्तु में सभी दिशाओं का अलग महत्व है और हर दिशा किसी न किसी स्थान के लिए उपयुक्त मानी जाती है। जब घर के मुख्य द्वार की बात आती है तो इसके लिए भी कुछ शुभ दिशाएं हैं। हमारे मन में घर के मुख्य द्वार को लेकर कई सवाल उठते हैं और ऐसा कहा जाता है कि अगर वास्तु के अनुसार आप अपने घर में चीजों का निर्धारण करते हैं और मुख्य द्वार को सजाते हैं तो घर में हमेशा समृद्धि बनी रहती है। इसी वजह से वास्तु आपको घर का मुख्य द्वार उत्तर या पूर्व दिशा की तरफ रखने की सलाह देता है। वहीं कुछ ऐसी दिशाएं भी हैं जिनकी तरफ मुख वाला घर वास्तु में शुभ नहीं माना जाता है और इस दिशा में घर न बनाने की सलाह भी दी जाती है।

शहर के ज्योतिषि के अनुसार वास्तुकला और ज्योतिष में ऐसी ही एक मान्यता घर की दिशा से संबंधित है। जबकि घर खरीदते या बनाते समय हम कई अन्य बातों का भी ध्यान रखते हैं। ऐसे ही कारक हैं जिनमें मुख्य द्वार की दिशा की बात की जाती है। एस्ट्रोलॉजर शीतल शपारिया से जानें आखिर क्यों दक्षिणमुखी घर को अशुभ माना जाता है और यदि आप इस तरह के घर में रखते हैं तो आपको किन वास्तु नियमों का पालन करना चाहिए। कई संस्कृतियों में दक्षिणमुखी घरों को अक्सर दुर्भाग्य लाने वाला माना जाता है। इस धारणा के पीछे कई कारण हैं और वास्तु की मानें तो घर की दिशा उसकी समग्र ऊर्जा और निवासियों पर प्रभाव को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



### दक्षिण दिशा को माना जाता है यम की दिशा

यदि हम वास्तु से हटकर ज्योतिष की बात करते हैं तो मान्यता है कि दक्षिण दिशा को यम की दिशा कहा जाता है और जो घर इस दिशा की तरफ होते हैं उनमें रहने वाले लोगों को वित्त और रिश्तों से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।



### वास्तु शास्त्र और दक्षिणमुखी घरों पर इसका प्रभाव

वास्तु शास्त्र एक प्राचीन वास्तुशिल्प सिद्धांत है जो हिंदू परंपराओं में गहराई से निहित है। यह मकानों के निर्माण के विभिन्न पहलुओं के लिए दिशा निर्देश निर्धारित करता है। वास्तु की मानें तो घर का मुख जिस दिशा में है, वह उसमें प्रवाहित होने वाली ऊर्जाओं को प्रभावित कर सकता है। दक्षिणमुखी घरों को अक्सर अशुभ माना जाता है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि वे ऊर्जा के प्राकृतिक प्रवाह के विपरीत होते हैं। वहीं इसके विपरीत उत्तर दिशा को घर के लिए सबसे अनुकूल दिशा माना जाता है, क्योंकि यह सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को बढ़ावा देती है। दूसरी ओर, दक्षिण दिशा को नकारात्मक ऊर्जा से जुड़ा हुआ माना जाता है, यही वजह है कि कभी-कभी दक्षिण मुखी घर बनाने से मना किया जाता है।

## सिटी लाइव

# खेल और सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़ी प्रतिभाओं का सम्मान



**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श कॉलेज अटारी में शुक्रवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह किया गया। इसका शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति के सदस्य नवीन शर्मा रहे। बतौर विशिष्ट अतिथि सरोज सिंह एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. समरेंद्र सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राजलक्ष्मी सेलोट ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को खेल, एनएसएस के साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। पहले की तरह ही रामलीला पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंडर प्रदर्शन) बीसीए अंतिम वर्ष के छात्र वंश वर्मा को प्रदान किया गया।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए किया प्रेरित

इसके अलावा अन्य पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में आतार्यामी बारिक, स्नेहा प्रिया दास, वैष्णवी यादव, पूजा शर्मा, खुशी साहू ऋषभ शामिल रहे। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. राजलक्ष्मी सेलोट ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य में शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समन्वय शांति कुमारी राजवाड़े एवं संचालन डॉ. जयेश करंजगोकर ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी शामिल हुए और प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया।

● राजधानी के देवी मंदिरों में ज्योति कलश कक्ष की साफ-सफाई, 19 मार्च से देवी धाम में लगेगा भक्तों का तांता

# चैत्र नवरात्रि उत्सव के लिए सज रहे देवी धाम, ज्योति कलश कक्ष संवार रहे, पंजीयन का सिलसिला शुरू

'चैत्र नवरात्रि का आगाज 19 मार्च को होने जा रहा है। इसके लिए शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में साफ-सफाई, रंगाई-पोताई का दौर शुरू हो गया है। पुरानी बस्ती स्थित मां महामाया मंदिर में भक्तों की सुविधा और ज्योति कलश जलवाने के लिए पंजीयन भी शुरू किया है। महाकाली मंदिर में होने वाली भक्तों की भीड़ और गर्मी में राहत देने के लिए अब व्यवस्था बनाने का सिलसिला तेज हो गया है। अलग -अलग आस्था केंद्रों में भक्तों को मनोकामना ज्योति जलवाने की सुविधा देने के लिए लक्ष्य भी तय किया है।'

**रायपुर।** चैत्र नवरात्रि के नजदीक आते ही देवी मंदिरों में तैयारी शुरू हो गई है। इन दिनों मंदिर प्रांगण और ज्योति कलश कक्ष का रंगरोगन किया जा रहा है। देवी धाम में अधिक ज्योति कलश स्थापित करने के लिए विशेष रूप से स्थान तैयार किए जा रहे हैं। इसमें भी तांबे और मिट्टी के कलश रखने की व्यवस्था बनाई जा रही है। देवी मां के प्रति आस्था और मन्नत रखने वाले श्रद्धालु लगातार मंदिरों में पंजीयन कराने के लिए पहुंच रहे हैं। जो अपने और परिजनों के नाम से ज्योति कलश के लिए तय शुल्क भी जमा करा रहे हैं। इसमें अखंड ज्योति जहां नौ दिनों तक प्रज्वलित होने वाली है। वहीं आने वाले उपासक परिवारों की सुविधा के लिए महामाया मंदिर में पंजीयन केंद्र भी शुरू किया है।






### कालीमाता मंदिर में जलेंगे घी और तेल ज्योति कलश

आकाशवाणी चौक स्थित मां महाकाली मंदिर में घी और तेल दोनों ही तरह के ज्योति कलश प्रज्वलित करने की तैयारी है। नवरात्रि से पहले मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई शुरू हो गई है। मंदिर संचालन की व्यवस्था से जुड़े डीके दुबे ने बताया कि ज्योति कलश कक्ष में इस बार तीन हजार ज्योति कलश स्थापित करने की तैयारी है। इनमें तीन सौ भक्तों को घी ज्योति कलश जलवाने का अवसर देने का प्रयास किया जा रहा है। जहां घी 2100 रुपए और तेल के लिए 1050 रुपए देकर लोग ज्योति जलवा सकेंगे। इस वर्ष देवी मंदिरों में अधिकतर तेल ज्योति कलश ही प्रज्वलित होंगे। श्रद्धालु प्रतिदिन सुबह-शाम पंजीयन कराने मंदिर पहुंच रहे हैं।

### भक्तों के लिए महामाया मंदिर में पंजीयन केंद्र शुरू



आदिशक्ति मां महामाया मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि इस साल 11 हजार ज्योति कलश प्रज्वलित कराने की सुविधा देने के लिए व्यवस्थागत तैयारी शुरू की है। इस साल भी सिर्फ तेल ज्योति कलश जलाए जाएंगे। इसके लिए 700 रुपए दान राशि तय की है। इसके लिए लोगों के बढ़ते रुझान को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट ने पंजीयन के लिए केंद्र भी शुरू किया है। साथ ही बैगा और कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने ज्योति कलश कक्ष की साफ-सफाई और व्यवस्था बनाने का सिलसिला शुरू किया है। दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तैयारी की जा रही है।





### देवी मंदिरों में 19 से 27 तक उमड़ेगी आस्था

पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष अधिक ज्योति कलश प्रज्वलित होने की संभावना है। इसके लिए मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने तैयारी शुरू की है। पुरानी बस्ती स्थित मां राजराजेश्वरी देवी महामाया, आकाशवाणी स्थित मां महाकाली मंदिर, कंकाली मंदिर, बंजारी धाम में भी हजारों की तादाद में आस्थावत ज्योति कलश जगमगाएंगे। इससे पहले ज्योति कलश कक्ष की साफ-सफाई, ज्योति कलश पात्रों को सजाने के लिए स्थल सज्जा का क्रम शुरू हो गया है। इसी तरह कालीमाता मंदिर में भक्तों की सुविधा और दर्शन का अवसर देने के लिए इस बार भी व्यवस्था बनाई जा रही है। पुजारियों ने बताया कि आस्था का पर्व 19 मार्च 27 मार्च तक भक्तिभाव से मनाया जाएगा।

## धर्म लाइव

# नांदेड़ यात्रा के बाद जत्थे की आज वापसी, होगा स्वागत



**रायपुर।** हर साल की तरह स्टेशन रोड गुरुद्वारा से 1200 श्रद्धालुओं का जत्था 28 फरवरी को रवाना किया गया था। नांदेड़ के लिए 17 बसों और तीन ट्रकों में सामान भरकर छत्तीसगढ़ सिख संगठन के अध्यक्ष दलजीत सिंग चावला ने अगवाई की कमान संभाली। वहीं सीएम विष्णुदेव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बै ने प्रदेशभर से पंजीकृत श्रद्धालुओं की बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। 7 मार्च को दोपहर 12 बजे के बाद 7 दिनों की यात्रा से 17 बसों से वापसी करने वाले सभी साध-संगत का स्वागत किया जाएगा। गुरुद्वारा के मीडिया प्रभारी तेजिंदर सिंह ने बताया कि सभी जत्थेदारों की बसें अलग-अलग समय में आएंगी।

### जत्थेदारों की निगरानी में पूरी की यात्रा

उन्होंने बताया कि नांदेड़ और बिदार की यात्रा के बीच सभी बसों की जिम्मेदारी अलग-अलग 17 जत्थेदारों को दी गई थी। इसके अलावा किचन सामग्री, दवाओं और बिस्तर का भी इंतजाम बुजुर्ग यात्रियों की सुविधा के लिए किया गया था। कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप सिंह चावला, महेंद्र छाबड़ा, कुलदीप जुनेजा, सुरेंद्र छाबड़ा, अमरदीप छाबड़ा, मलकीत सिंह गैंदू, गुरुमुख सिंह होरा, रमेश आहूजा, अशोक राज आहूजा, इंद्रजीत सिंह गोल्डी, इंदर सिंह छाबड़ा ने इस यात्रा को गति दी। इसमें सिख समाज के प्रमुख लोगों की सहभागिता रही।

# बिरगांव में होली मिलन समारोह, शामिल हुए सीएम

**रायपुर।** बिरगांव निगम क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा होली मिलन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए ग्रामीण विधायक के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू जहां अपने क्षेत्र में सक्रिय हैं, वहीं समस्याओं के निराकरण में और कार्यकर्ताओं के हर सुख-दुख में शामिल होते हैं। साथ ही ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू और धरसींवा विधायक अनुज शर्मा के साथ



उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने रंग पर्व के अवसर पर किए आयोजन की सराहना करते हुए कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इसमें भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, धर्म प्रचार प्रकोष्ठ देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष भीखमलाल देवांगन, नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू, एवज देवांगन, योगेश साहू, पवन साहू, पुनाराम साहू, मालिक राम साहू आदि शामिल हुए।

### जीवन विहार कॉलोनी में जमकर खेली होली

तेलीबांधा स्थित जीवन विहार कॉलोनी में बुधवार को होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कॉलोनी के लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी ने उत्साह के साथ होली खेली और पर्व का आनंद लिया। इस दौरान लोगों ने पारंपरिक गीत-संगीत से उत्सव का माहौल दिया। बच्चों ने रंगों के साथ जमकर मस्ती की। इस अवसर पर उन्हें रंगों के महापर्व की महत्ता भी बताई गई। सत्तू सिंह, रचना सिंह, साहिल अग्रवाल, जय मलानी, जाह्नवी, दीप्ति, हार्दिका एवं ईशान सिंह ने आयोजन को उत्सव का रूप दिया।





### चौरसिया कॉलोनी में रहा उत्सव का माहौल

शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड स्थित चौरसिया कॉलोनी में होली मिलन का आयोजन किया गया। इसमें वार्डवासियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश दिया। नगाड़े की धुन पर छत्तीसगढ़ी फाग की प्रस्तुति भी दी गई। लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जमकर नृत्य किया और होली पर्व का आनंद लिया। इसमें यशोदा साहू, कमल साहू, जयमोहन साहू, संतोष माणिक, प्रेमनारायण निषाद, पवन पवार, राकेश साहू, अशोक साहू ने आयोजन को सफल बनाया।

### सिंधी काउसिंल के होली उत्सव में झूमे लोग



सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई युवा विंग के होली मिलन में सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए। होली महोत्सव में श्री अग्रवाल ने कहा, होली भाईचारे और मस्ती का पर्व है। सभी एक- दूसरे को गुलाल लगाकर होली मनाते है। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा कि युवा विंग के होली मिलन में एक अलग उत्साह देखने को मिलता है। मुखी महेश दरयानी ने सभी को बधाई दी। इस अवसर पर सुनील कुकरेजा, डॉ. एनडी गजवानी, संजय जैसिंघ, नितिन कृष्णानी, जीतू लोहाना, सनी पंजवानी, आकाश मेघानी प्रमुख रूप से शामिल हुए।

### होली पर शिव-पार्वती के रूप में नजर आए संदीप-शिवानी




*रायपुर। राजीव नगर में होली के अवसर पर एक अनोखी झलक देखने को मिली, जब स्थानीय निवासी संदीप खंडेलवाल और शिवानी खंडेलवाल भगवान शिव और माता पार्वती के रूप में नजर आए। उनके इस विशेष रूप ने आसपास के लोगों का ध्यान आकर्षित किया और सभी ने उनके साथ तस्वीरें लेकर इस पल को यादगार बनाया। संदीप खंडेलवाल पिछले कई वर्षों से होली के अवसर पर अलग-अलग रूप धारण करते आ रहे हैं। इसके लिए वे विशेष तैयारी करते हैं और कॉस्ट्यूम व अन्य सामग्री मुंबई के प्रसिद्ध मगनलाल ड्रेस वाले से मंगवाते हैं, जो फिल्म इंडस्ट्री में कॉस्ट्यूम सप्लाई के लिए जाने जाते हैं।*

### गोमाता के इलाज और भोजन के लिए सभी को करना चाहिए दान

**रायपुर।** शहर के वर्धमान धर्मशाला में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह के समापन अवसर पर गौ सेवा को लेकर विशेष संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री ने कहा कि गो सेवा ही गोविंद सेवा है और गौ माता की सेवा करने से मनुष्य को विशेष पुण्य प्राप्त होता है। आचार्य शास्त्री ने शहर में गौ माता की सेवा के लिए एक विशेष अभियान की शुरुआत करने की जानकारी दी। आचार्य शास्त्री ने बताया कि भविष्य में शहर में गौ माता के लिए एक अस्पताल बनाने की भी योजना है, जिसके लिए जमीन की तलाश की जा रही है। अस्पताल बनने के बाद गौ माता के इलाज के लिए अलग-अलग वार्ड बनाए जाएंगे ताकि बीमार और घायल गौवंश का बेहतर उपचार हो सके। इस अवसर पर उन्होंने अपनी ओर से एक विशेष मशीन भी दान की, जिसका उपयोग कमजोर और बीमार गौ माता को उठाने और सुरक्षित रखने में किया जाएगा। यह मशीन श्री राधे गो सेवा समिति दुर्ग को प्रदान की गई है, ताकि गौ सेवा के कार्य को और प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाया जा सके। शहर में आगामी दिनों में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला जारी रहेगी। इसके तहत 20 अप्रैल से 25 अप्रैल तक गणेश मंदिर हडको मिलाई में श्री शिव महापुराण कथा और 14 मई से 22 मई तक हनुमान मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा।





















## सिटी स्पोर्ट्स

### रायपुर जिला अंतर संस्थान टेबल टेनिस प्रतियोगिता 12 से



**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर की ओर से रायपुर जिला अंतर संस्थान टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 15 मार्च तक सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता के सम्बन्ध में राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव सार्थक शुक्ला ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता पुरुष एकल, महिला एकल एवं लक्की युगल वर्ग हेतु कुल मिलाकर 03 वर्गों में आयोजित की जायेगी। जिसमें रायपुर जिले के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक संस्थान, प्रतिष्ठित संस्थान, निजी संस्थान के कर्मचारी (सेवानिवृत्त कर्मचारी भी शामिल) एवं प्रोफेशनल्स (सी.ए., डाक्टर, वकील, पत्रकार और प्रशिक्षक) भाग लेंगे। प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टि की अंतिम तिथि 08 मार्च है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी अपना नाम सायं 6 से 7 बजे के मध्य सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में प्रदीप जोशी एवं प्रवीण निरापुरे के पास लिखा सकते हैं।प्रतियोगिता में प्रविष्टि हेतु प्रतियोगी का कर्मचारी अथवा प्रोफेशनल होना अनिवार्य है। प्रतियोगिता लीग पद्धति में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता का ओपन ड्रा दिनांक 11 मार्च को शाम 07.00 बजे प्रतियोगिता स्थल पर निकाला जायेगा। उपरोक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

### एलिट ग्रुप चार दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट मुकाबला आज से

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप चार दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत तीसरे राउंड के मैच 7 मार्च से प्रारंभ हो रहे हैं। इनमें बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में रायपुर ब्लू एवं जांजगीर चांपा, आरडीसीए रायपुर में बीसीए एवं राजनांदगांव, दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में प्लेट कंबाइंड एवं बीएसपी ,न्यू ग्राउंड कांकेर में रायपुर एवं बिलासपुर ब्लू के मध्य मैच खेले जाएंगे।

### वेटरन बैडमिंटन प्रतियोगिता में दुर्ग का शानदार प्रदर्शन, जुवेना उपविजेता

**भिलाई।** कोरबा में 23 से 27 फरवरी तक आयोजित राज्य स्तरीय 35+ से 75+ तक के आयु वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले से हर आयु वर्ग में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 35+ महिला एकल में दुर्ग की जुवेना गोम्स उपविजेता रही।



वहीं युगल में उन्होंने विजेता का खिताब जीता। पुरुषों के 35+ युगल में विवेक कुमार साहू विजेता बने। 40+ महिला एकल में चैताली बिश्वास एकल उपविजेता एवं युगल में दुर्ग की ही कविता चंद के साथ खेलते हुए उपविजेता बनी। 45+ मिश्रित युगल में शैलेष चांद और कविता चांद, पति-पत्नी की जोड़ी उपविजेता बने। 60 + आयु वर्ग में जान मथाई युगल में उपविजेता एवं 65+ आयु वर्ग के मिश्रित युगल में साइमन विलियम विजेता बने। ये सभी खिलाड़ी 18 से 25 मार्च तक गोवा में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता हेतु जिले के वरिष्ठ बैडमिंटन खिलाड़ी संगीता राजगोपालन और जयंत देवांगन को सीधी प्रविष्टि प्राप्त है। जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष जय थॉमस, कोषाध्यक्ष विनय विश्वास और सह सचिव प्रीती अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में साक्षी और संदीप को मिक्स डबल सिल्वर



**दुर्ग।** ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुडबॉल प्रतियोगिता भोपाल में जिला वुडबॉल संघ के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवान्वित किया। संदीप सिन्हा एवं साक्षी कुमारी ने संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए मिक्स डबल इवेंट में शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ी के.आर. टेक्निकल कॉलेज में अध्ययनरत हैं।प्रतियोगिता में प्रीतम जायसवाल, प्रियांशु कुशवाहा, दीपक, निखिल गुप्ता एवं निशांत भगत तथा महिला वर्ग में अंजिल प्रीति टोप्पो, स्नेहा जायसवाल, श्रीजल जायसवाल, मोनालिसा तिग्गा एवं उर्मिला एक्का ने भी अपना बेहतर प्रदर्शन किया।निर्णायक की भूमिका में जिले से राष्ट्रीय रेफरी रजत सिंह एवं आकाश दुबे को सफल संचालन पर सम्मानित किया गया।

#### क्रोनिक बीमारियों की महामारी का अलर्ट है बढ़ता मोटापा

# तीन दशकों में चार गुना से अधिक बढ़ गई मोटापे की समस्या, समाधान जरूरी

अधिक वजन या मोटापा की समस्या, स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंताकारक स्थिति हो सकती है। इसे कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का कारक भी माना जाता है। अध्ययनकर्ताओं ने बताया, जिन लोगों का वजन सामान्य से अधिक होता है उनमें डायबिटीज, हृदय रोग और हार्ट अटैक जैसी क्रोनिक बीमारियों और जानलेवा समस्याओं का खतरा अधिक हो सकता है।

हालिया अध्ययन में विशेषज्ञों ने गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि दुनियाभर में जिस प्रकार से सभी उम्र के लोगों में मोटापे की दिक्कत बढ़ती जा रही है, इसने भविष्य में कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को बढ़ा दिया है। सभी लोगों को अपने वजन को कंट्रोल करने के उपाय करते रहना चाहिए।

मोटापे के बढ़ते जोखिमों को लेकर हाल ही में किए गए अध्ययन की रिपोर्ट काफी चिंताजनक है। द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित विश्लेषण के अनुसार, दुनियाभर में मोटापे से ग्रस्त बच्चों, किशोरों और वयस्कों की कुल संख्या एक बिलियन (एक अरब) से अधिक हो गई है। शोधकर्ताओं ने कहा, साल 1990 के बाद से कम वजन वाले लोगों की घटती व्यापकता के साथ अधिकांश देशों में मोटापा के शिकार लोगों की संख्या काफी बढ़ी है। बच्चों के साथ-साथ बुजुर्ग भी



इसके शिकार देखे जा रहे हैं। अधिक वजन की स्थिति सभी लोगों के लिए समस्याकारक हो सकती है।

### अध्ययन में क्या पता चला?

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अन्य सहयोगियों के साथ इस वैश्विक डेटा के विश्लेषण में अनुमान लगाया है कि दुनियाभर के बच्चों-किशोरों में साल 1990 की तुलना में 2022 में, यानी तीन दशकों में मोटापे की दर चार गुना बढ़ गई है। वयस्क आबादी में, महिलाओं में मोटापे की दर दोगुनी और पुरुषों में लगभग तीन गुना से अधिक हो गई। अध्ययन के अनुसार साल 2022 में 159 मिलियन (15.9 करोड़) बच्चे-किशोर और 879 मिलियन (87.9 करोड़) वयस्क मोटापे के शिकार पाए गए ह



### कुपोषण का जोखिम

रिपोर्ट के मुताबिक साल 1990 से 2022 के बीच, विश्वभर में कम वजन से प्रभावित बच्चों और किशोरों का अनुपात लड़कियों में लगभग पांच हिस्सा और लड़कों में एक तिहाई से अधिक कम हो गया है। इसी अवधि में कम वजन के कारण प्रभावित वयस्कों का अनुपात भी आधे से भी अधिक कम हुआ है।

गौरतलब है कि मोटापा और कम वजन, दोनों ही कुपोषण के रूप हैं और कई मायनों में लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। नवीनतम अध्ययन पिछले 33 वर्षों में कुपोषण के दोनों रूपों और इसके कारण होने वाले



संभावित जोखिमों को लेकर अलर्ट करता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि जिस तरह से लोगों में अधिक वजन की समस्या बढ़ी है, ये क्रोनिक बीमारियों की महामारी का भी संकेतक माना जा सकता है।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

ब्रिटेन में इंपीरियल कॉलेज लंदन के प्रोफेसर और अध्ययन के लेखक माजिद इज्जती कहते हैं, यह बहुत चिंताजनक है कि मोटापे की समस्या जो 1990 में दुनिया के अधिकांश हिस्सों में वयस्कों में ही अधिक देखी जा रही थी, अब स्कूल जाने वाले बच्चों और किशोरों को भी अपना शिकार बना रही है। करोड़ों लोग अभी भी कुपोषण से प्रभावित हैं, खासकर दुनिया के कुछ सबसे गरीब हिस्सों में। कुपोषण के दोनों रूपों के कारण कई प्रकार के स्वास्थ्य जोखिम हो सकते हैं। अध्ययन में पाया गया है कि 1990 से 2022 तक, वैश्विक मोटापे की दर लड़कियों और लड़कों में चार गुना से अधिक हो गई है, ये वृद्धि लगभग सभी देशों में देखी जा रही है।



## लिवर की हेल्थ को सुधारने में एक्सरसाइज कर सकती है मदद

लिवर, यकृत, जिगर या कलेजा शरीर का सबसे अहम हिस्सा है। प्रोटीन संश्लेषण, पाचन के लिए एंजाइम बनाना, डाइजेशन करना, एनर्जी स्टोर्ड करना, प्रोटीन बनाना और डिटॉक्सीफिकेशन आदि इसके काम हैं। इसलिए इसे ह्यूमन बॉडी का सबसे अहम अंग माना जाता है। यह सबसे बड़ी ग्रंथि है, जो पेट में दाहिनी ओर डायाफ्राम के नीचे होती है। इसका आकार त्रिकोणीय होता है जिसका वदज शरीर के वजन के 50वें हिस्से के बराबर होता है। इसका हेल्दी रहना जरूरी होता है क्योंकि शरीर की अधिकतर बीमारियां पेट से जुड़ी होती हैं। लिवर हेल्थ में एरोबिक एक्सरसाइज विशेष रूप से मदद कर सकती हैं। यही कारण है कि यकृत रोग से पीड़ित रोगियों के लिए योग, किगॉन्ग और ताई ची करने की सिफारिश की जाती है। आपको कुछ ऐसी होम एक्सरसाइज के बारे में जानना चाहिए, जो लिवर हेल्थ को सही रखने और इसे मजबूत बनाने में मदद कर सकती हैं। ये एक्सरसाइज लिवर हेल्थ पर पॉजिटिव असर डालेंगी। इन एक्सरसाइज को शुरू करने से पहले डॉक्टर के साथ अपनी दिनचर्या और एक्सरसाइज के बारे में डिस्कस जरूर करें।

### ब्रीद के साथ हाथ उठाएं

आर्म रेज, चीगोंग प्रैक्टिस के सबसे आवश्यक एलिमेंट में



से एक है, यह पूरे शरीर को डिटॉक्सिफाई और एक्टिव करने के लिए जाना जाता है। चाइनीज मेडिसिन के अनुसार, लिवर हमारे ब्लड को 1 बजे और 3 बजे के बीच फिल्टर करता है। लिवर में स्थिर रक्त को रोकने के लिए एक्सरसाइज करने का सबसे सही समय सुबह ही है। इसे करने के लिए फर्श पर लेट जाएं और हाथों को बगल में रखें। सांस अंदर खींचते हुए दोनों हाथों को सांस की गति से ऊपर उठाएं और सिर के ऊपर तक लेकर जाएं। अब सांस छोड़ते हुए हाथों को नॉर्मल स्थिति में लाएं। यह एक रेप्स कहलाएगा। जितने संभव हो उतने रेप्स से शुरुआत करें। धीरे-धीरे लगभग 50 रेप्स तक पहुंचें। इसे करने का तरीका देखने के लिए ऊपर दिया गया वीडियो देख सकते हैं।

### सिंपल लिवर सेल्फ-मसाज

मालिश या मसाज के द्वारा लिवर से जमा हुआ ब्लड हटा सकते हैं। इससे रक्त परिसंचरण में सुधार हो सकता है। यह समझने के लिए कि मालिश कहां करनी है, आपको अपने लिवर का पता लगाना सीखना होगा। दांयी तरफ लेटकर, घुटने मोड़कर और थोड़ा आगे की ओर झुककर लिवर पर मसाज की जा सकती है।

आमतौर पर लिवर डायाफ्राम (पसलियों के नीचे) के ठीक नीचे होता है, जो आपके दांयी ओर होता है। यदि लिवर में सूजन होती है तो फेफड़े के नीचे सूजा हुआ दिखता है। इसकी मालिश करने के लिए आपको मसाज टेक्निक की जानकारी होना जरूरी है। जैसे-

### दबाना

मसाज की इस टेक्निक के लिए अंगुलियों से पसलियों के नीचे हल्के से दबाना शुरू करें और ऊपर की ओर बढ़ें। लगभग 20 बार दोहराएं और धीरे-धीरे 100 तक आएं।






## बचा हुआ टूथपेस्ट है बड़े काम का किचन में इस तरह से करें इस्तेमाल

टूथपेस्ट तो हर किसी के घरों में होता है, इसका उपयोग न सिर्फ दांतों को चमकाने के लिए कर सकते हैं, बल्कि यह हमारे रसोई की सफाई में बहुत काम आ सकता है।

### मिक्सी की सफाई करें

टूथपेस्ट की मदद से आप मिक्सी की गंदगी और खोई हुई शाइन को वापस पा सकते हैं। मिक्सर में अक्सर तेल, मसाले या पिसा हुआ घोल गिर जाता है, जिसे साधारण डिशबार से नहीं चमकाया जा सकता है। ऐसे में आप स्क्रबर में टूथ पेस्ट लगाएं और मिक्सी में लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। बाद में गीले कपड़े से साफ कर मिक्सी को नया जैसा चमका लें।

### पुराने बर्तनों को चमकाएं

पुराने स्टील के चम्मच और चाकू को भी आप टूथपेस्ट की मदद से साफ कर सकते हैं। एक बर्तन में 2-3 चम्मच पेस्ट डालें और चाकू, छूरी एवं चम्मच को पानी में डालकर उबाल लें। कुछ देर बाद पानी से निकलकर डिशवॉश से साफ कर लें।

### सिंक की गंदगी को साफ करें

सिंक में अक्सर गंदगी जम जाती है, साथ ही स्टील के सिंक की चमक भी खोने लगती है। ऐसे में स्क्रबर में टूथपेस्ट लेकर सिंक में रगड़कर साफ कर लें। सिंक में जमी हुई गंदगी और दाग आसानी से साफ हो जाएंगे।

### कप और मग से चाय कॉफी के दाग हटाएं

चाय या कॉफी परोसने के बाद कई बार कप में दाग रह जाते हैं, जिसे साफ करने के लिए आप टूथपेस्ट का उपयोग करें। ब्रश या स्क्रबर में पेस्ट लेकर दाग वाली जगह को रगड़ लें और गीले कपड़े से पोंछकर साफ कर लें।

## रमजान के दौरान इफ्तार के लिए ऐसे सजाएं डाइनिंग टेबल



रमजान के पाक महीने में लोग अल्लाह की इबादत करते हैं और रोजा रखते हैं। इस दौरान शाम के वक्त रोजा इफ्तार करते हैं। इसके लिए लोग अपने परिवार, दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ एकत्र होकर इफ्तार पार्टी भी करते हैं। इफ्तार के समय परिवार और दोस्तों के साथ बैठकर रोज़ा खोलने का अलग ही आनंद होता है।

### थीम के मुताबिक सजावट

इफ्तार पार्टी के लिए एक थीम तय करें। एथनिक और मिनिमल थीम अपना सकते हैं। अरबी स्टाइल लुक के लिए गोल्डन और ब्लू थीम, इस्लामिक रंगों हरे और सफेद से प्रेरित थीम और ताजगी व शांति का एहसास कराने के लिए फ्लोरल डेकोरेशन थीम का चयन कर सकते हैं।

### रोशनी और सेंटरपीस

डाइनिंग टेबर के मध्य में एक खूबसूरत लैंप या मोमबत्ती स्टैंड रख सकते हैं, ये टेबर को रॉयल रुक देगी। चाहें तो अरबी स्टाइल लटर्न या दीवारों और मेज के चारों ओर फेयरी लाइट्स लगा सकते हैं।

### खास सर्विंग सेट

खजूर, ड्राई फ्रूट्स और शरबत परोसने के लिए सजावटी कटोरी या ट्रे का उपयोग करें। खाने की मेज परर अरबी या पांपरिक ट्रेडिशनल डिजाइन वाले प्लेट्स और गिलास रखें।

### खाने की सजावट

खजूर और फ्रूट चाट को क्रिएटिव अंदाज में सजा सकते हैं। शरबत और जूस के लिए स्टाइलिश ग्लास का इस्तेमाल करें। इसके अलावा सजी हुई मिठाइयों और स्नैक्स को 3 लेयर स्टैंड पर रखें।

**कार्नर न्यूज**

#### शरीर में विटामिन की कमी होने पर घेर सकती हैं कई तरह की परेशानियां

# महिलाओं को इन वजहों से जरूर करवाने चाहिए विटामिन्स टेस्ट, सेहत को लेकर रहें जागरूक

महिलाएं घर-परिवार की धुरी होती है। इतना ही नहीं, आज के वक्त में महिलाएं प्रोफेशनल लाइफ में भी किसी से पीछे नहीं हैं और हर फील्ड में अपना परचम लहरा रही हैं। घर में माता-पिता की देखभाल करना हो, पति और बच्चों की जरूरतों का ध्यान रखना हो या फिर अपने करियर गोल्स को हासिल करना हो, महिलाएं बखूबी ये सारे काम करती हैं। लेकिन इस सब में कहीं न कहीं अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देती हैं। महिलाओं के शरीर में अक्सर जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स की कमी देखने को मिलती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि महिलाएं अपने खान-पान और सेहत से जुड़े संकेतों पर ध्यान नहीं देती हैं।

शरीर में जरूरी विटामिन्स की कमी होने पर कई लक्षण नजर आने लगते हैं, जिन पर अगर समय पर ध्यान नहीं दिया जाए, तो आगे चलकर बड़ी मुश्किल खड़ी हो सकती है। समय-समय पर जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स की जांच बहुत जरूरी है। शरीर में इनकी कमी होने पर कई तरह की परेशानियां घेर सकती हैं। महिलाओं को क्यों विटामिन्स टेस्ट करवाने चाहिए, इस बारे में एक्सपर्ट से जानते



हैं। यह जानकारी डॉक्टर विज्ञान मिश्रा, चीफ ऑफ लैब, न्यूबर्ग डायग्नोस्टिक, नोएडा, दे रहे हैं।

### विटामिन की कमी का चलता है पता

विटामिन टेस्टिंग से सही समय पर शरीर में मौजूद विटामिन्स की कमी का पता चल पाता है। विटामिन डी, बी12 और सी की कमी इम्यूनिटी पर असर डाल सकती है और इससे कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। इसलिए, अगर इनका सही समय पर पता चल जाएं तो इसे मैनेज किया जा सकता है।

### न्यूट्रिशन्स पर दे सकती हैं ध्यान

शरीर में किस विटामिन की कमी है, ये पता चलने पर आप उसे बढ़ाने के लिए डाइट पर ध्यान दे सकती हैं। मसलन, अगर आपके शरीर में विटामिन बी 12 की कमी है, तो इसे दूर करने के लिए आप विटामिन बी 12 रिच फूड्स को डाइट में शामिल करें। शरीर में विटामिन्स के लेवल कम आने पर डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

### बीमारियों से होता है बचाव

शरीर में विटामिन्स की कमी कई घातक बीमारियों का कारण भी बन सकती है। दिल की बीमारियां, मेंटल हेल्थ और डाइजेशन समेत कई चीजें, विटामिन्स की कमी से प्रभावित होती हैं। अगर लंबे समय तक आप विटामिन्स की जांच नहीं करवाएंगी तो आप किसी बड़ी बीमारी का शिकार भी हो सकती हैं। शरीर में विटामिन्स, मिनरल्स और हार्मोन्स का लेवल सही होना सेहतमंद रहने के लिए बहुत जरूरी है।



# फूलो को मिला सोनिया का साथ, दोबारा राज्यसभा भेजे जाने की ये है कहानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्यसभा की एक सीट के लिए कांग्रेस ने निवृत्तमान राज्यसभा सदस्य फूलोदेवी नेताम को दूसरी बार राज्यसभा का प्रत्याशी बना दिया है। उनका नाम तय होने से पहले कुछ अन्य नेताओं के नाम इस दावेदारी की चर्चा में थे, लेकिन अप्रत्याशित रूप से पार्टी ने फूलोदेवी के नाम पर दूसरी बार मुहर लगाई।

ऐसे में कांग्रेस पार्टी के अंदर ही ये सवाल उठ रहे हैं कि फूलोदेवी ही क्यों, क्या पार्टी में दूसरे या नए नामों पर विचार के लिए कोई मंथन ही नहीं हुआ या पार्टी को राज्यसभा में भेजने के लिए नेताओं का टोटा पड़ गया है।

इन बातों से अलग हरिभूमि को मिली जानकारी के अनुसार सोनिया गांधी की पसंद ने फूलोदेवी को दूसरी बार राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनवाया।

इन सवालों के बीच फूलोदेवी ने अपना नामांकन भी भर दिया है। अब 9 तारीख को नाम वापसी के बाद प्रत्याशी तय होंगे। इस बात की संभावना है कि अगर भाजपा ने कोई जोड़तोड़ नहीं किया तो राज्य से कांग्रेस-भाजपा को एक-एक सीट मिल जाएगी। कांग्रेस से पुराना चेहरा फूलोदेवी का होगा तो भाजपा से पहली बार राज्यसभा के लिए लक्ष्मी वर्मा का राज्यसभा में प्रवेश हो जाएगा।

**खास बातें**

- कई नेताओं की दावेदारी हुई दरकिनार तो उठे कई सवाल
- राज्यसभा में गांधी से बनी निकटता नेताम के लिए रंग लाई



### कांग्रेस में दावेदार हो गए दरकिनार

राज्यसभा की एक सीट के लिए कांग्रेस से पूर्व मंत्री और आदिवासी नेता मोहन मरकाम, अमरजीत भगत, ताम्रध्वज के नाम सामने आए थे, इनके साथ ही पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने भी राज्यसभा के लिए अपनी इच्छा खुलकर जता दी थी। हालांकि कांग्रेसी खेमे की चर्चाओं ने तो विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत, और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी दावेदार बता दिया था, लेकिन जाहिर तौर पर इन दोनों बड़े नेताओं ने कभी राज्यसभा के लिए दावेदारी नहीं की और खेल आलाकमान पर छोड़ा था।

## सोनिया से नजदीकी रंग लाई

कांग्रेस के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो फूलोदेवी को दूसरी बार राज्यसभा का टिकट सोनिया गांधी की पसंद की वजह से मिला। बताया गया है कि राज्यसभा में वे सोनिया गांधी के करीब बैठती है। सोनिया के राज्यसभा में प्रवेश से लेकर वापसी तक उनकी निकटता साये की तरह रहती है। हालांकि इस निकटता के बाद भी फूलोदेवी ने कभी भी दूसरी बार राज्यसभा की टिकट के लिए कोई लॉबिंग नहीं की थी। इन सूत्रों के मुताबिक राज्यसभा के लिए संभावित उम्मीदवार की तलाश में जब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आलाकमान की बात हुई तो उन्होंने किसी आदिवासी को यह सीट देने की बात कही थी, लेकिन उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया था। फूलोदेवी नेताम छत्तीसगढ़ में विधायक रह चुकी हैं, आदिवासी होने के साथ ही वे बस्तर क्षेत्र( कांकेर) का प्रतिनिधित्व करती रहीं है। वे प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष भी रह चुकी है। इसके साथ ही वे अभी राज्यसभा सदस्य भी हैं। उनके बारे में कहा जाता है कि वे पूरी तरह पार्टी लाइन पर चलने के साथ ही राज्यसभा में नियमित रूप से हाजिर रहतीं है, वे किसी बड़े राजनीतिक विवाद में भी नहीं उलझी हैं। यही कारण रहा कि उनसे किसी नेता को कोई बड़ी शिकायत भी नहीं है, इन सभी कारणों को सही मानें तो इन्ही कारणों के साथ साथ सोनिया गांधी के साथ ने फूलोदेवी को दूसरी बार राज्यसभा का मौका दिलवाया है, माना जा रहा है।

**खबर संक्षेप**



### बैज ने कहा- प्रदेश की कानून व्यवस्था बदहाल

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, होली के दिन अकेले रायपुर जिले में 4 हत्या की घटना हुई, 16 चाकूबाजी की घटना हुई। पूरे प्रदेश में आतंक का माहौल रहा, पुलिस वाले की वर्दी फाड़ी गई, घरों में घुस कर महिलाओं से अभद्रता की गई। यह प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था का आईना है। होली जैसे संवेदन शील त्योहार पर सरकार लोगो को सुरक्षित नहीं रख पाई। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बदहाल है। श्री बैज ने कहा, दल्लीराजहरा में एक नाबलिक सामूहिक दुराचार का शिकार हो गई। होली पर जो हत्या और चाकूबाजी हुई है, उसके पीछे का बड़ा कारण शराब खोरी है, अधिकांश घटनाएं नशे के कारण ही हुई है। सरकार तो होली के दिन शराब दुकानें खोलने वाली थी, वह तो कांग्रेस के विरोध के कारण ड्राई-डे घोषित हुआ, कल्पना करिए कि शराब दुकानें खुली होती तब क्या हाल होता। कहते थे कमिश्नरी प्रणाली लागू करेंगे, सब ठीक हो जाएगा। अब क्यों अपराध नहीं रूक रहे। प्रदेश के गृह मंत्री राज्य की कानून व्यवस्था संभालने में नाकाम साबित हो गए हैं।

### डा. कुलदीप सोलंकी को बेस्ट आईएमए प्रेसिडेंट अवार्ड

**रायपुर।** चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं और कुशल नेतृत्व के लिए रायपुर के सुप्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटरो-लॉजिस्ट और आईएमए रायपुर ब्रांच के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सोलंकी को 'सर्वश्रेष्ठ लोकल ब्रांच प्रेसिडेंट' से सम्मानित किया जाएगा। शनिवार 7 मार्च को आयोजित आईएमए कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय डॉ. सोलंकी को यह पुरस्कार प्रदान करेंगे। आईएमए छत्तीसगढ़ इकाई ने डॉ. सोलंकी का चयन उनके कार्यकाल के दौरान किए गए अभूतपूर्व कार्यों के लिए किया है। पेट, लिवर और आंतों की बीमारियों के विशेषज्ञ डॉ. सोलंकी ने रायपुर शाखा के अध्यक्ष के रूप में संगठन को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया है।



## रायपुर जिले में भी 91 हजार से अधिक बेरोजगार

# वैकेंसी नहीं, प्रदेश में लगातार बढ़ रहा बेरोजगारी का ग्राफ, दुर्ग-बिलासपुर में सबसे ज्यादा पंजीकृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर जिले में बेरोजगारी का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है, क्योंकि युवाओं के लिए अब शासकीय विभागों के कार्यालयों में नौकरी निकलना ही बंद हो गयी है, वहीं निजी सेक्टरों में भी प्लेसमेंट कैंप और रोजगार मेला के तहत भी युवाओं को जॉब आसानी से मिल नहीं पा रहे हैं। यही वजह है कि प्रदेश में रोजगार एक बड़ी समस्या के साथ चुनौती भी बन गया है। आंकड़ों की बात करें, तो प्रदेशभर में रोजगार कार्यालय में 15 लाख 79 हजार से भी ज्यादा बेरोजगार युवाओं ने नौकरी पाने की आस में अपना पंजीयन कराया है। इनमें सबसे अधिक बेरोजगार दुर्ग और बिलासपुर जिले में हैं, जहां पंजीकृत बेरोजगारों का आंकड़ा एक लाख से भी अधिक है। रायपुर जिले में भी 91 हजार से अधिक पंजीकृत बेरोजगार हैं, जिन्हें नौकरी की तलाश है।



### शासकीय विभागों में बड़ी संख्या में पद रिक्त, पर भर्ती नहीं

स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, आबकारी, खनिज, योजना एवं सांख्यिकी, श्रम विभाग, तहसील कार्यालय, सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों में बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं। इन रिक्त पदों पर भर्ती के लिए वैकेंसी ही नहीं निकाली जा रही है। इसके कारण शासकीय पदों पर भी भर्ती नहीं हो पा रही हैं। प्रदेश में बेरोजगारी का ग्राफ बढ़ने का एक कारण यह भी है।

### प्लेसमेंट कैंप-रोजगार मेला राहत नहीं दे रहे

जिले में पंजीकृत बेरोजगारों को विभिन्न निजी सेक्टरों में रोजगार दिलाने के लिए प्लेसमेंट कैंप, रोजगार मेला भी लगातार आयोजित किए जा रहे हैं, लेकिन इन दोनों कार्यक्रम से भी बेरोजगारों को रोजगार बहुत कम मिल पा रहा है। इन दोनों कार्यक्रम में बेरोजगार बढ़-चढ़कर हिस्सा तो लेते हैं, लेकिन कहीं योग्यता, कहीं अनुभव की कमी तो कहीं कंपनियों की शर्तों के कारण बेरोजगारों को नौकरी नहीं मिल पा रही हैं, जिससे बेरोजगारी का ग्राफ भी प्रदेश में घट नहीं रहा है।

### पंजीकृत बेरोजगारों में 7 लाख से अधिक महिलाएं

प्रदेश में बेरोजगारी के बढ़ते ग्राफ में पुरुष वर्ग के साथ महिला वर्ग का आकड़ा भी अब 7 लाख से अधिक पहुंच चुका है। प्रदेशभर में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या 15 लाख 79 हजार 178 है, जिनमें महिलाओं की संख्या भी 7 लाख 29 हजार 484 है। बेरोजगारों में दसवीं और बारहवीं उत्तीर्ण करने वालों के अलावा स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल करने वाले, व्यावसायिक पाठ्यक्रम में विशेषज्ञता लेने वाले तथा तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने वाले युवक-युवतियां भी शामिल हैं। शिक्षा, व्यावसायिक तथा तकनीकी ज्ञान में डिग्री हासिल करने बेरोजगारों की संख्या भी लाखों में है।

**रोजगार कार्यालय में जिलेवार बेरोजगारों की संख्या**

| | |
|---|---|
| कबीरधाम | 51035 |
| कांकेर | 60319 |
| कोंडागांव | 42334 |
| कोरबा | 60124 |
| कोरिया | 24418 |
| खैरागढ़-छुईखदान-गंडई | 9563 |
| गरियाबंद | 38846 |
| गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 15572 |
| जशपुर | 53519 |
| जांजगीर-चांपा | 97273 |
| दंतेवाड़ा | 14073 |
| दुर्ग | 109571 |
| धमतरी | 68330 |
| नारायणपुर | 10724 |
| बेमेतरा | 49995 |
| बलरामपुर | 34799 |
| बलौदाबाजार-भाटापारा | 71997 |
| बस्तर | 44281 |
| बालोद | 90214 |
| बिलासपुर | 102397 |
| बीजापुर | 15321 |
| मुंगेली | 48671 |
| मनेंद्रगढ़-चिरमिरी | 11533 |
| महासमुंद | 58832 |
| मोहला-मानपुर | 8957 |
| राजनांदगांव | 85146 |
| रायगढ़ | 60424 |
| रायपुर | 91014 |
| सक्ती | 26890 |
| सुकमा | 11462 |
| सरगुजा | 46695 |
| सूरजपुर | 43587 |
| सारंगढ़-बिलाईगढ़ | 21262 |

**राज्य सरकार ने जारी की अधिसूचना**

# नवा रायपुर तहसील का गठन, मंदिर हसौद, अभनपुर, गोबरा नवापारा और रायपुर पश्चिम की सीमाएं शामिल

## 20 पटवारी हल्के, 39 गांव शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर जिले में एक और नई तहसील के रूप में नवा रायपुर तहसील अस्तित्व में आ चुकी है। राज्य सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 6 मार्च को नई तहसील की अधिसूचना जारी कर दी है। इससे पहले नवीन तहसील की सीमाओं को लेकर 60 दिनों में दावा-आपत्ति मंगाई गई थी।अधिसूचना के मुताबिक रायपुर जिले की वर्तमान तहसील रायपुर, मंदिर हसौद, गोबरा नवापारा, और अभनपुर के हिस्सों को शामिल कर नवा रायपुर अटल नगर नवीन तहसील बनाई जा रही है। इसमें कुल 6 राजस्व निरीक्षक मंडल, पलौद, मंदिर हसौद, केंद्री, तोरला, सेरीखेड़ी और रायपुर 18 कांदुल शामिल होंगे। इन 6 राजस्व निरीक्षक मंडल के कुल 20 पटवारी हल्के, पलौद 20,21,23,24, 25, और 26 , मंदिर हसौद के 15-22, केंद्री के 13, 14, 15, 16, 18 और 19, तोरला के 01,02, सेरीखेड़ी के 16,39, 40, रायपुर 18 कांदुल 51, शामिल हैं। राजस्व निरीक्षक मंडल के 20 पटवारी हल्के के कुल 39 ग्राम



शामिल है। ये गांव हैं शामिल पलौद-परसदा 20, पलौद 21, रीको, सेंध 21, चींचा 23, बरौंदा, 23, रमचंडी 23, कयाबांधा 24, झांझ 24, नवागांव 24, खपरी 24, कुहेरा 25, राखी 25, कोटनी 26, कोटराभांटा 26, तांदुल 26, मंदिर हसौद- छतौना 22, नवागांव 15, केंद्री- बेंद्री 13, परसठ्ठी 13, निमोरा 14, उपरवारा 15, तूता 15, केंद्री 16, झांकी 16, खंडवा 18, भेलवाडीह 18, पचेड़ा 19, तोरला- चेरिया 1, पौंता 1, बंजारी 1, तेंदुआ 1, कुर्रू 2, सेरीखेड़ी में- सेरीखेडी 16, नकटी 16, टेमरी 39, धरमपुरे 39, बनरसी 40, रायपुर 18 कांदुल माना 51। इन 20 पटवारी हल्का के 39 गांव नवा रायपुर तहसील में शामिल किए गए हैं।

# देश की संपदा का कार्पोरेट घराने ले रहे हैं फायदा, रोजगार चौपट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- राज्यसभा सांसद कामरेड पी. संदोष कुमार ने पत्रकार वार्ता में रखी बात

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य और राज्यसभा सांसद कामरेड पी. संदोष कुमार छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2014 के बाद से देश की संपदा का लाभ जनता को नहीं मिल रहा है। इनका निजीकरण करते हुए कार्पोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए ग्राम सभाओं की शक्ति को कमजोर किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार को चौपट किया जा रहा है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने आपरेशन सिंदूर के मसले पर अमेरिका युद्ध रुकवाने की बात को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा कई बार की गई बयानबाजी पर भी सवाल खड़े किए। ईरान पर इजराइल, अमेरिका युद्ध थोपा गया है। इसमें देश




के प्रधानमंत्री को 140 करोड जनता के प्रतिनिधी होने के नाते इजराइल के पक्ष में नहीं खडा होना चाहिए। इस मामले में देश की विदेश नीति असफल मानी जाएगी। छत्तीसगढ़ खनिज संपदा के मामले में समृद्ध है, मगर फायदा कार्पोरेट घरानों को मिल रहा है। इस कारण जल, जंगल और जमीन की लडाई जारी है, क्योंकि लाखों पेड काटे जा रहे हैं। सवालों का जवाब देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में तीसरे मोर्चे पर काम चल रहा है। केरल के मामले में कहा कि वहां गरीबी समाप्त हो गई है, वहां घोर गरीबी नहीं है। वहां पांच लाख घरों का निर्माण करके लोगों को आबंटित किया जा चुका है। केरल के विधान सभा में केरलम् राज्य का नामकरण पारित करके केन्द्र सरकार को भेज दिया है।

**महाराष्ट्र के निवासी आरक्षण की पात्रता नहीं रखते**

# पीएमजीएसवाय के सीई कटारे का एससी जाति प्रमाणपत्र निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क परियोजना छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य अभियंता केके कटारे का अनुसूचित जाति का जाति प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया है। उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति ने यह आदेश जारी किया है। कटारे के खिलाफ जनपद पंचायत डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव और विजय मिश्रा ने शिकायत की थी। इस संबंध में 23 फरवरी को समिति ने आदेश जारी किया है। दरअसल श्री कटारे की जाति पर कोई प्रश्न नहीं है, लेकिन महाराष्ट्र के मूल निवासी होने के कारण उन्हें छत्तीसगढ़ में आरक्षण लाभ की पात्रता नहीं मिलती।

### ये है मामला

मुख्य अभियंता के खिलाफ समिति ने जाति प्रमाण पत्र की जांच में ये तथ्य सामने आए कि श्री कटारे के पिता अविभाजित मप्र में शासकीय सेवा में 1962 से 1993 तक थे, श्री कटारे ने अपने पिता के कोष लेखा पेंशन




संबंधित दस्तावेज में ग्राम व पोस्ट तुमसर भंडारा उल्लेखित है। केके कटारे ने राष्ट्रपति अधिसूचना( अनुसूचित जाति वर्ग) 1950 के पूर्व पिता, पूर्वजों का ऐसा कोई दस्तावेज या साक्ष्य पेश नहीं किया जिससे यह सिद्ध हो सके कि उनके पिता या पूर्वज 1950 के पहले मप्र के मूल निवासी थे। खास बात ये है कि नियमानुसार अपनी जाति एवं सामाजिक स्थिति को साबित करने के लिए सुबूत का भार उस व्यक्ति का हो जो संवैधानिक लाभ प्राप्त किया हो। जांच से यह भी साफ हुआ कि केके कटारे का निवास स्थान तुमसर जिला भंडारा महाराष्ट्र है। आदेश में लिखा गया है कि केके कटारे को मप्र, छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति वर्ग के अंतर्गत आरक्षित वर्ग का लाभ लेने व आरक्षित वर्ग के अंतर्गत नौकरी प्राप्त करने की पात्रता नहीं है।

### समिति को कटारे ने दी थी ये दलील

इस मामले की सुनवाई के दौरान श्री कटारे ने समिति के समक्ष यह दलील पेश की थी कि शिकायतकर्ता के उनकी जाति खटिक अनुसूचित जाति होने पर कोई संदेह नहीं है। केवल मूल मिनाव तुमसर जिला भंडारा, महाराष्ट्र को लेकर शिकायत है कि मेरे द्वारा महाराष्ट्र राज्य होते हुए छग, मप्र में आरक्षण का लाभ कैसे लिया जा रहा है। मेरे मूल निवास के संबंध में मेरा कहना है कि 1 नवंबर 56 के पूर्व तक निवास तुमसर जिला भंडारा वर्तमान में महाराष्ट्र मप्र राज्य में शामिल था, जिसकी राजधानी नागपुर थी, मेरे पिता वर्ष 1953 से बालाघाट सिवनी में नौकरी कर रहे थे, उसी आधार पर वर्ष 1978 में तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट(मप्र) से मैने जाति प्रमाण पत्र प्राप्त किया था, वर्तमान में मेरी जाति संबंधी जांच मप्र में भी चल रही है। इस बयान के बात श्री कटारे को समिति ने 28 जनवरी 2026 एवं 5 फरवरी 2026 को बैठक में बुलाया गया था, लेकिन ये बैठक टल गई, फिर 23 फरवरी 2026 को फिर बैठक रखकर उन्हें बुलाया गया। लेकिन वे नहीं आए। लेकिन समिति को पत्र लिख अनुपस्थिति की सूचना दी।

## प्रक्रियाओं में उलझा मामला, देर पर उठ रहे सवाल

# डिग्री मिली, पर काउंसिल में छह माह से पंजीयन नहीं शासकीय सेवा का मौका गंवा रही 2 हजार नर्सिंग छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नर्सिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद शासकीय अथवा निजी सेक्टर में सेवाओं के लिए छात्राएं पात्र नहीं हो पा रही हैं। लगभग 2 हजार छात्राओं ने नर्सिंग काउंसिल में पंजीयन के लिए आवेदन किया है, जो पिछले 6 माह से शासकीय प्रक्रियाओं में उलझा हुआ है। पंजीयन में हो रही देर पर विभागीय कामकाज की लेट लतीफी पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। प्रायवेट नर्सिंग कालेज एसोसिएशन द्वारा इसे लेकर काउंसिल के अध्यक्ष से भी गुहार लगाई गई है। सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के स्तर पर शासकीय अस्पतालों में रिक्त पदों की पूर्ती के लिए व्यापक भर्ती की तैयारी की जा रही है। मगर राज्य में नर्सिंग के विभिन्न पाठ्यक्रम में डिप्लोमा अथवा डिग्री लेने वाली करीब दो हजार छात्राएं इसके लिए पात्र नहीं हो पा रही हैं। इसकी एकमात्र वजह नर्सिंग काउंसिल में पंजीयन नहीं होना है। सूत्रों के मुताबिक पढ़ाई पूरी होने बाद प्रशिक्षण प्राप्त इन नर्सों का छत्तीसगढ़ नर्सिंग काउंसिल में पंजीयन होना आवश्यक है। इनके द्वारा करीब 6 माह पहले आवेदन किया जा चुका है मगर काउंसिल के अध्यक्ष के अनुमोदन अथवा हस्ताक्षर की वजह से पंजीयन नहीं हो पा रहा है। छात्राएं इसे लेकर कई बार नर्सिंग काउंसिल के कार्यालय के चक्कर लगा चुकी है मगर कोई संतोष पूर्ण जवाब नहीं मिल पाया है।

### 6 माह के भीतर उपयुक्तता नहीं तो प्रवेश नहीं

इधर नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल ने तमाम नर्सिंग कालेज को आईएनसी से 6 महीने के भीतर उपयुक्तता प्राप्त करने स्मरण पत्र जारी किया है। रजिस्ट्रार दुर्गा कुंजाम ने बताया कि आदेशों के अनुसार छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल रायपुर से मान्यता लेने के 6 माह के भीतर भारतीय उपचर्या परिषद से उपयुक्तता प्राप्त करना अनिवार्य होगा। उपयुक्तता प्राप्त कर अथवा आवेदन की प्रति छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल में प्रस्तुत करने के उपरांत ही शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए मान्यता संबंधी कार्यवाही की जाएगी।

### जांच की जा रही

पंजीयन के लिए आवेदन के साथ कालेज और पढ़ाई संबंधी दस्तावेजों की मांग की गई है। आवेदन की प्रक्रिया 6 नहीं एक महीने पहले पूरी की गई है। दस्तावेजों की डिमांड विद्यार्थियों की पढ़ाई की वास्तविकता का पता लगाने किया गया है क्योंकि पहले गड़बड़ी की शिकायत मिलती थी। बिना जांच आवेदनों पर रजिस्ट्रार के हस्ताक्षरों की जांच भी की जा रही है। इसके लिए कमेटी बनाई गई है जिसकी जांच के बाद दस्तावेज पूर्ण मिलने वाले के पंजीयन आवेदन पर साइन कर दिया जाएगा।

**- संजीव झा,**
संचालक स्वास्थ्य सेवाएं एवं अध्यक्ष सीजीएनआरसी

# व्यक्ति में राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण करता है संघ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रायपुर महानगर के अंतर्गत रायपुर के विमतारा हाल में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी में अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रशिक्षण प्रमुख दीपक जी विस्पुते ने प्रमुखजनों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र के वैभव और समाज परिवर्तन के लिए व्यक्ति निर्माण सबसे महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि संघ की यात्रा स्वाधीनता से पहले शुरू हुई और इसकी चार-पांच पीढ़ियों ने समाज जागरण के लिए अपना सर्वस्व समर्पित किया। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने ऐसे समय में की, जब देश का समाज चेतनाशून्य हो चुका था और गुलामी की मानसिकता हावी थी। उस दौर में संघ ने शाखा के माध्यम से व्यक्ति निर्माण और समाज संगठन का कार्य प्रारंभ किया। उन्होंने बताया कि पहली पीढ़ी ने बीजारोपण किया, दूसरी पीढ़ी ने समाज में संपर्क बढ़ाकर आत्मीयता लाया, तीसरी पीढ़ी ने इसे समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाया, चौथी पीढ़ी ने समाज में सकारात्मक वातावरण निर्माण का कार्य किया और पांचवीं पीढ़ी ने विजय का दौर स्थापित किया। छत्रपति शिवाजी महाराज को घात पहुंचाने के लिए औरंगजेब के पास कौन पहुंचा, उनके राज्याभिषेक का विरोध किसने किया । चंद्रशेखर आजाद को अल्फ्रेड पार्क में पकड़वाने के लिए मुखबिरी करने वाला कौन था। यही सब देखकर संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवारजी ने संघ कार्य को आगे बढ़ाया कि हमारा राष्ट्रीय चरित्र मजबूत हो। उन्होंने भारतीय मजदूर संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आदि संगठनों की स्थापना के माध्यम से राष्ट्रीय चरित्र निर्माण और भारत को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लक्ष्य को चित्रित किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख दीपक विस्पूते ने प्रमुख जनगोष्ठी को किया संबोधित





### भारत की ओर आशा की दृष्टि से देख रहा पूरा विश्व

श्री विस्पुते ने कहा, आज दुनिया भोगवाद और विस्तारवाद के जिस मार्ग पर आगे बढ़ रही है, ऐसे समय में पूरा विश्व भारत की ओर आशा की दृष्टि से देख रहा है। हमें एक विकसित और सामर्थ्यवान भारत के लिए संकल्प लेना होगा, इसमें सज्जन शक्ति की अग्रणी भूमिका है। यह कार्य परिवार में नैतिक मूल्यों और संस्कार से शुरू होगा। प्रमुख जन गोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा सहित शिक्षा, उद्योग, चिकित्सा समेत अलग-अलग क्षेत्रों के गणमान्य जन उपस्थित रहे।